दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



कार्तिक घुटने की सर्जरी के बाद एक्शन में लौटेंगे



फिल्म 'गांधारी' पर नकल का आरोप

वर्ष : 12 | अंक : 246 | लखनऊ, 31 अगस्त, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### हैदराबाद के 7 नामी रेस्टोरेंट को नोटिस

हैदराबाद। तेलंगाना स्टैंडडर्स अथॉरिटी फॉर फ़ूड एंड एसेंशियल ड्रग्स ने हैदराबाद के सात मशहूर



रेस्टोरेंट में जांच के दौरान खाने की सुरक्षा और साफ-सफाई से जुड़ी कई कमियां पाईं। इनमें एक्सपायर हो चुके खाने के सामान, खराब स्टोरेज के तरीके, कीड़े-मकोड़ों का होना और गलत लेबलिंग जैसी बातें शामिल थीं।अथॉरिटी ने 7 रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किए हैं।

### बीकानेर में नवजात समेत 3 लोगों की मौत

बीकानेर। राजस्थान के बीकानेर जिले में एक कार दुर्घटना में दो दिन की नवजात बच्ची समेत 3 लोगों



की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह हादसा शनिवार शाम भड़ला गांव के पास हुआ, जब परिवार अस्पताल से मां और उसकी नवजात बच्ची को छुट्टी मिलने के बाद घर लौट रहा था। परिवार में शोक है।

### भर्ती अनियमितता आईएएस हिरासत में

बेंगलुरु। कर्नाटक लोक सेवा आयोग की पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में



कथित अनियमितताओं के मामले में अपराध जांच विभाग ने आईएएस के अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार को हिरासत में लिया है। गंगवार को जांच अधिकारी की ओर से जारी नोटिस के बाद शुक्रवार और शनिवार को सीआईडी से पूछताछ की गई।

### राष्ट्रपति आज निफ्ट के दीक्षांत समारोह में जाएंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के संयुक्त दीक्षांत



समारोह 2026 में शामिल होंगी। इस समारोह में निफ्ट के 18 परिसरों के स्नातक छात्र-छात्राएं डिग्री प्राप्त करेंगे। समारोह के बाद डिग्री वितरण समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां स्नातक छात्र-छात्राओं को औपचारिक रूप से उनकी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

### धौलपुर में पोखर में डूबने से 4 की मौत

धौलपुर। धौलपुर के सरमथुरा में पोखर में डूबने से 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 महिला व 1



युवक शामिल है। तीनों महिलाओं के शवों को बाहर निकाला गया जबकि युवक की तलाश जारी है। आंगई थानान्तर्गत विरजा गांव का ये मामला है। मृतक धौलपुर के मोरोली निवासी बताए जा रहे है. विरजा में हीरामन पर जात करने आए थे, तभी ये हादसा हुआ।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने जागरुकता पर दिया जोर

# 'नशा-मुक्त युवा, नशा-मुक्त भारत' से ही देश होगा सुरक्षित और मजबूत, परिवार को बचाएं

कई नामचीन और कलाकारों का भी किया जिक्र

पीएम मोदी ने युवाओं से की 'नशामुक्त भारत' की अपील, लोगों की मदद को आगे आएं

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 137वें एपिसोड में नशा-मुक्त भारत और युवाओं के लिए एक मजबूत भविष्य की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान पूरे देश में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इसका मकसद साफ़ है- नशा-मुक्त युवा, नशा-मुक्त भारत। बहुत से लोग, खासकर युवा, इसका बड़ा हिस्सा बन गए हैं। आख़िरकार, यह भारत के युवाओं की सेहत, खुशी और उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारा सामूहिक संकल्प है। नशा सिर्फ़ एक व्यक्ति को प्रभावित नहीं करता, इसके नतीजे पूरे परिवार और समाज को भुगतने पड़ते हैं। मैं उन लोगों की तारीफ करना चाहता हूं जो नशे के बारे में जागरूकता फैलाते हैं और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं।

कार्यक्रम के 137वें एपिसोड में कहा





### वोकल फॉर लोकल का मंत्र दोहराया

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, हमारे पर्व और त्योहार, हमारी परंपराओं के साथ-साथ, हमें एक-दूसरे से जुड़ने का भी अवसर देते हैं। आने वाले दिनों में हम और भी कई महत्वपूर्ण पर्व मनाने जा रहे हैं। 4 सितंबर को जन्माष्टमी का पावन पर्व है। सितंबर में ही हम विश्वकर्मा पूजा भी मनाएंगे। इस अवसर पर अपने आसपास के कारीगरों, शिल्पकारों और विश्वकर्मा साथियों का सम्मान करना चाहिए। दीपावली भी आने वाली है। मैं एक बार फिर आपसे, वोकल फॉर लोकल का आग्रह दोहराऊंगा। हम अपने घर के लिए जो भी सामान खरीदते हैं, उसे एक बार जरूर देख लें कि वो भारत में बना हो।

### अभिनेता उत्तम कुमार की जन्म-शताब्दी मनाएंगे



पीएम मोदी ने कहा कि 3 सितंबर को हम महानायक उत्तम कुमार की जन्म-शताब्दी मनाएंगे। उत्तम कुमार एक बहुमुखी अभिनेता थे, जो अपने अभिनय से लोगों के दिलों में रच-बस गए। फिल्म के चाहने वालों का मानना है कि सत्यजीत रे ने फिल्म 'नायक-द हीरो' की पूरी स्क्रिप्ट महानायक उत्तम कुमार को ध्यान में रखकर लिखी थी। सत्यजीत रे ने कहा था कि उनमें गरिमा के साथ-साथ अद्भुत भावनात्मक गहराई भी थी। उनके जीवन से कभी भी हार न मानने की एक और बड़ी सीख भी मिलती है।

### भारतराज्य डॉट कॉम एक नया नवाचार

प्रधानमंत्री ने मुंबई के कृष्णा शेषाद्री से बातचीत की। पीएम मोदी ने न केवल उनके काम की तारीफ की, बल्कि फोन पर हुई बातचीत को देश-दुनिया



के सामने भी साझा किया। कृष्णा ने भारतीय इतिहास को आसान और दिलचस्प तरीके से समझने के लिए एक खास वेबसाइट तैयार की है। भारत राज्य डॉट. कॉम नाम की वेबसाइट बनाई है। इसका उद्देश्य भारतीय इतिहास को एक अलग और सरल तरीके से लोगों तक पहुंचाना है।

### अवाकाडो फल की खेती किसानों के लिए मददगार

पीएम मोदी ने कहा कि आजकल अवाकाडो फल की बड़ी धूम है। इस फल को पहले शायद ही कोई जानता था। इसकी कीमत और मांग दोनों कम थी, लेकिन आज इसे डाइनिंग टेबल पर खूब देखा जा रहा है। आज यह स्वास्थ्य और प्रीमियम मार्केट की पसंद बन गया है। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए भी ये बहुत मददगार है। आंध्र प्रदेश में कडपा के वरदराज का उदाहरण है। वे कई वर्षों से अपने खेत में टमाटर और केले की खेती कर रहे थे। एक दिन उन्होंने अपने दोस्तों के फार्म में अवाकाडो की फसल देखी। इसके बाद उन्होंने यूट्यूब से इस पर जानकारी जुटाई। अब तक वे करीब 4 टन अवाकाडो का उत्पादन कर चुके हैं।

### छोटे से शौक से खुल सकते हैं नई संभावनाओं के द्वार

पीएम मोदी ने कहा कि कभी-कभी हमारा एक छोटा सा शौक, जीवन में एक बड़ी संभावना का रास्ता खोल देता है। नगालैंड के फेकजिले की वेसालु पुरो की यात्रा भी कुछ ऐसी ही है। वेसालु किसान परिवार में पली-बढ़ीं। बचपन से उन्होंने अपने माता-पिता को खेती करते देखा था और उन्हें खुद फूलों से बहुत लगाव था। 2021 में उन्होंने इसी शौक के साथ छोटे स्तर पर फूल उगाने की शुरुआत की। धीरे-धीरे उन्हें इसमें एक संभावना दिखाई देने लगी। अब फूलों की मांग हमेशा बनी रहती है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे शहरों और कस्बों की सड़कों पर रोज सुबह से शाम तक, लाखों महिलाएं अपने-अपने काम में जुटी रहती हैं। लेकिन अब ऐसी लाखों माताओं-बहनों को 'पीएम स्वनिधि योजना' से नई ताकत मिल रही है। 'महिला सशक्तिकरण' के इस पहलू की उतनी चर्चा नहीं होती, जितनी होनी चाहिए। 'पीएम स्वनिधि योजना' की लाभार्थियों में करीब 46 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## बिहार की लड़ाई दिल्ली तक आई

# यहां 'बेचे जा रहे पद' कांग्रेसाध्यक्ष-प्रभारी को तत्काल हटाया जाए

दिल्ली में 8 सितंबर को प्रदर्शन करेंगे बागी नेता



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पिछले साल विधानसभा चुनावों में हार के बाद से बिहार कांग्रेस में चल रहा तनाव अब खुलकर सामने आ रहा है। पार्टी के राज्य नेताओं का एक समूह 8 सितंबर को दिल्ली में कांग्रेस दफ्तर के बाहर



राजेश राम

विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहा है। वे कथित भ्रष्टाचार के कारण राज्य कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और एआईसीसी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु को हटाने की मांग कर रहे हैं। नाराज नेताओं में पार्टी प्रवक्ता आनंद माधव, पूर्व विधायक छत्रपति यादव और बिहार युवा कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राजकुमार राजन शामिल हैं। ये उन 9 नेताओं में से हैं जिन्हें 18 फरवरी को छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया था।

### 9 को निष्कासित करना संवैधानिक गलती

*आनंद माधव ने कहा कि पार्टी संगठन स्तर पर भ्रष्टाचार का मुद्दा हमने ही उठाया था। पिछले साल 3 नवंबर को पटना के एक होटल में हमारी मुलाकात मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेताओं केसी वेणुगोपाल और अशोक गहलोत से हुई थी। उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि विधानसभा चुनाव के बाद हमें मिलने का समय दिया जाएगा। लेकिन बार-बार कोशिश करने के बावजूद, न तो खरगे और न ही राहुल गांधी ने हमें समय दिया।*

### खरगे- राहुल ने मिलने का समय नहीं दिया

नेताओं ने दावा किया कि वे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिलकर अपना पक्ष रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें मिलने का समय नहीं दिया गया।



## ओडिशा में सरकार का नया आदेश

# तलाकशुदा पत्नी को 'एलिमनी' नहीं दी तो सीधे सैलरी से कटेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ओडिशा की मोहन चरण माझी की सरकार ने एक नया आदेश जारी किया है। इसका असर सरकारी



कर्मचारियों पर पड़ेगा। तलाक के बाद अगर कोई कर्मचारी तलाकशुदा पत्नी को एलिमनी देने में आनाकानी करता है, तो इसकी रकम सीधे सैलरी से काटी जाएगी और तलाकशुदा पत्नी के अकाउंट में भेज दी जाएगी। सीएम माझी ने निर्देश दिया है कि अगर कर्मचारी एलिमनी का भुगतान करने में चूक करते हैं तो यह कार्रवाई होगी। सीएम ऑफिस के बयान में कहा गया है कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद राज्य सरकार के कई कर्मचारी अपनी तलाकशुदा पत्नियों या बच्चों को हर महीने गुजारा-भत्ता नहीं दे रहे थे। हर सुनवाई में2-3 मामले शिकायत सेल तक पहुंचते हैं। बयान में कहा गया है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया। माझी ने कर्मचारियों की सैलरी से यह रकम काटने का आदेश दिया है।

## संसदीय समिति ने दिया सुझाव

# दिवाला केस को एनसीएलटी की प्रतिबद्ध पीठ स्थापित करें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संसद की एक समिति ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में दिवाला मामलों के तेजी से निपटारे के लिए प्रतिबद्ध पीठ की स्थापना का सुझाव दिया है।प्‌रधान पीठ और नयी दिल्ली पीठ के अलावा उसकी इलाहाबाद, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, कटक, हैदराबाद, इंदौर, कोलकाता, कोच्चि और मुंबई में पीठ हैं। ये सिफारिशें कार्मिक, लोक शिकायत, कानून एवं न्याय संबंधी संसदीय स्थायी समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट का हिस्सा हैं। 'देश में



न्यायाधिकरण प्रणाली के कामकाज की समीक्षा' पर यह रिपोर्ट इस महीने की शुरुआत में संसद में पेश की गई थी। समिति ने कहा कि न्यायाधिकरण के लगातार बढ़ते दिवाला क्षेत्राधिकार से उसकी समान रूप से अहम जिम्मेदारियां कमजोर नहीं पड़नी चाहिए।

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल

# खेलमंत्री मांडविया ने की लोगों से जीवनशैली बदलने की अपील

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 88वें संस्करण का नेतृत्व किया और नागरिकों से साइकिलिंग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। देश में साइकिलिंग की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए 30 अगस्त को देश भर में 25,000 से ज़्यादा जगहों पर 'संडेज़ ऑन साइकिल' का आयोजन किया गया। नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 'ब्रिक्स रन एंड राइड 2026' पहल के तहत इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी हिस्सा लिया।



## अगले महीने से बदलेंगे कई नियम, ये डालेंगे जेब पर असर

# ध्यान दें..आईटीआर और एलपीजी के लिए 'व्यवस्था' का आज अंतिम दिन

लोग डेडलाइन का इंतजार न करें परेशानी से बचें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

1 सितंबर से कई नियम, डेडलाइन और वित्तीय बदलाव लागू होंगे, जिनका सीधा असर आपके पैसे, टैक्स और महीने के बजट पर पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप इन बदलावों के बारे में पहले से जानकारी रखें। सितंबर शुरू होने से पहले इन सभी बदलावों की जानकारी रखना आपके लिए जरूरी है। अगर किसी नियम के तहत कोई जरूरी काम पूरा करना है, तो उसकी डेडलाइन का इंतजार न करें। समय पर जरूरी प्रोसेस पूरा करने से एक्स्ट्रा चार्ज से बचा जा सकता है।


### प्रोफेशनल इनकम वाले दाखिल करें रिपोर्ट

इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की 31 अगस्त की डेडलाइन काफी अहम है। यह नई रिटर्न





फाइलिंग व्यवस्था का हिस्सा है, जिसे बदलावों के बाद लागू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत ऐसे कारोबारी और प्रोफेशनल टैक्सपेयर्स, जिनके खातों का ऑडिट जरूरी नहीं है, उन्हें 31 अगस्त तक आईटीआर दाखिल करना है। वहीं, दूसरी तय कैटेगरी में नहीं आने वाले अन्य टैक्सपेयर्स के लिए आईटीआर दाखिल करने की डेडलाइन 31 जुलाई थी।





### एलपीजी ई- केवाई की डेडलाइन खत्म

एलपीजी ग्राहकों के लिए भी 31 अगस्त 2026 की डेडलाइन महत्वपूर्ण है। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक आधार आधारित बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन यानी ई- केवाईसी पूरा नहीं किया है, उन्हें यह काम 31 अगस्त तक करना होगा।



### विदेश जाने वालों को बोर्डिंग पास पर स्टैंप नहीं लगवाना पड़ेगा

1 सितंबर से भारत से विदेश जाने वाले यात्रियों को इमिग्रेशन काउंटर पर बोर्डिंग पास पर स्टैम्प नहीं लगवाना पड़ेगा। अब यात्री मोबाइल में इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास या उसकी प्रिंटेड कॉपी दिखाकर इमिग्रेशन प्रोसेस पूरा कर सकेंगे। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ने यह बदलाव प्रोसेस को आसान और तेज बनाने के लिए किया है।

## राहुल के आरोपों पर भाजपा बोली

# एलओपी यानी लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा अलग कप नहीं किए गए इस्तेमाल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ चाय के दुकान पर दो तरह के कप (प्लास्टिक और कांच के गिलास) के इस्तेमाल पर दावा किया गया था कि प्लास्टिक का कप दलितों के लिए और कांच का कप दूसरों के लिए हैं। इस पर भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने फैक्ट चेक किया।



एक चाय की टपरी पर चाय पी और चाय वाले से दोनों गिलास को लेकर सवाल भी किए। इसका वीडियो भंडारी ने एक्स और इंस्टाग्राम पर साझा किया है। वीडियो में भंडारी पहले राहुल के दावे को चलाते हैं फिर वे एक चाय की दुकान पर इस्तेमाल होने वाले कप के बारे में चाय वाले से अलग-अलग तरह के कप के बारे में सवाल पूछते हैं।

दुकान पर बड़ी संख्या में डिस्पोजेबल कप थे। भंडारी इस्तेमाल के बारे में भी सवाल करते हैं और दुकानदार से यह भी पूछते हैं कि क्या अलग-अलग कप रखे जाते हैं, चाय विक्रेता इनकार किया है।

# हादसे का इंतजार कर रहा जर्जर पुल, ग्रामीणों ने नए निर्माण की उठाई मांग



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। मदारी खेड़ा गांव को रघुनाथ खेड़ा से जोड़ने वाला वर्षों पुराना पुल जर्जर होने के साथ ही संकरा भी हो चुका पुल की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों में हादसे की आशंका को लेकर चिंता बढ़ गई लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में पुल से गुजरना और अधिक जोखिम भरा हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार इसी पुल से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, किसान, मरीज और राहगीर गुजरते पुल की चौड़ाई कम होने और कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने से दो वाहन एक साथ नहीं निकल पाते। ऐसे में हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता पूर्व प्रधान गुलाम गौस उर्फ लाडले, गुलजार, हजरत, बउवा, सफात समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पुल की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए कई बार लोक निर्माण विभाग और ब्लॉक प्रशासन से शिकायत की जा चुकी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना कि जिम्मेदार विभाग समस्या को नजरअंदाज कर रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुराने पुल को हटाकर उसकी जगह चौड़ा और मजबूत पुल बनवाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे बच्चों, किसानों और मरीजों की बढ़ी परेशानी जर्जर पुल के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, किसानों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। बारिश के समय पुल पर फिसलन और जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे आवागमन और भी खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित को देखते हुए पुल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की है।

# निर्माण कार्य से गिरी कच्ची कोठरी, विरोध पर मारपीट व धमकी का आरोप

## बरवलिया गांव की घटना, चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

निगोहां ।निगोहां क्षेत्र के बरवलिया गांव में पड़ोसी के मकान निर्माण के दौरान कथित लापरवाही से एक ग्रामीण की कच्ची कोठरी ढह गई। पीड़ित का आरोप है कि हादसे में कोठरी में रखा भूसा, सीमेंट व सरिया मलबे में दब गया, जिससे करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ नुकसान की शिकायत करने पर आरोपितों द्वारा मारपीट का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। बरवलिया निवासी दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अगस्त को पड़ोसी अंजनी, सक्षम, रेनू और महादेव अपने मकान का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि निर्माण के दौरान मिट्टी की भराई और स्लैब के किनारे का समुचित सहारा नहीं दिया गया जिससे उनकी लगभग 35 फीट लंबी कच्ची कोठरी भरभराकर ढह गई घटना में कोठरी में रखा भूसा, सीमेंट और सरिया मलबे में दब गया दुर्गा प्रसाद का आरोप है कि जब उन्होंने नुकसान की शिकायत की तो चारों आरोपित गाली-गलौज पर उतर आए और मारपीट का प्रयास करते हुए जान से मारने की धमकी दी इसके बाद उन्होंने निगोहां थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। निगोहां पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर 30 अगस्त को चारों नामजद आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार यादव को सौंपी गई साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# बाइक चोरी का खुलासा 24 घंटे मे दो आरोपी गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कर ली दोनों आरोपित चोरी की बाइक बेचने के लिए लखनऊ जा रहे थे। निगोहां थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि रामपुरगढ़ी जमुनी निवासी सुमित कुमार ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर बताया था कि गांव के पास सड़क किनारे खड़ी उनकी हीरो पैशन प्रो बाइक (यूपी-32 डीके 7145) अज्ञात चोर चोरी कर ले गए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दो पुलिस टीमों का गठन किया गया जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर रविवार को पुलिस ने पतौना जंगल के पास से पवन रावत (24) निवासी अमराई, थाना इंदिरानगर (हाल पता गड़रियनखेड़ा, थाना नगराम) और कन्हैया प्रजापति (35) निवासी टिहर, थाना रामपुरा, जनपद जालौन (हाल पता गोपालपुर, तेलीबाग) को गिरफ्तार कर लिया उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई पूछताछ में दोनों आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 29 अगस्त की शाम बाइक चोरी कर जंगल में छिपा दी थी और उसे बेचने के लिए लखनऊ जा रहे थे पुलिस के अनुसार कन्हैया के खिलाफ उरई और निगोहां में चोरी के तीन मुकदमे दर्ज जबकि पवन पर आर्म्स एक्ट का एक मामला दर्ज दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# भाजपा कार्यकताओं ने सुनी 'मन की बात'

निगोहां। भाजपा मंडल कार्यालय पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और उन्हें समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया। मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं,बल्कि देशवासियों को जनभागीदारी,सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता राम उदित शुक्ला, मंडल प्रभारी मुकेश शर्मा, मंडल प्रवासी अमित सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक हरिप्रताप सिंह, संदीप सिंह, मंडल मंत्री राम सनेही,भवरेश्वर चौरसिया, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने 'सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प को दोहराते हुए जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को और गति देने का संकल्प लिया।

# कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात एक युवक ने संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के नरेरा गांव निवासी विजय कुमार यादव खेती किसानी करते हैं। उन्होंने कुछ दिनों पहले बैंक से लोन लेकर अपने बेटे अजीत यादव (25) को एक ऑटो खरीद कर दी थी और उसी से कमाकर उसकी किस्तें अदा करने को कहा था। अजीत वही ऑटो चलाता था। विजय को पता चला कि अजीत ने ऑटो की किस्त नहीं जमा की है। इस पर शनिवार शाम विजय ने किस्त न जमा करने पर अजीत को डांट दिया। इसके बाद अजीत खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। बाद में उसे डांट से नाराज देख कुछ देर बाद रात करीब 11 बजे विजय उसे समझाने के लिए अजीत के कमरे पर गए तो उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। इस पर विजय ने कई बार अजीत को आवाज दी। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। तब खिड़की से झांककर देखा गया तो अजीत कमरे के अंदर पंखे के हुक से गमछे के सहारे लटका मिला। इस पर आनन-फानन परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोलकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक अजीत की मौत हो चुकी थी। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में उसके पिता विजय के अलावा मां कान्ती और छोटा भाई राजेश व सबसे छोटी बहन बबली है। जबकि मृतक अजीत के बाद दूसरे नंबर के भाई विजय बहादुर की करीब 4 माह में पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जाँच में पता चला है कि मृतक शराब का आदी था। शनिवार शाम शराब के नशे में घर पहुंचा तभी परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया।जिससे उसने फांसी लगाकर जान दे दी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दोस्तों के साथ नहाने गया हाई स्कूल का छात्र नगवा नाले में डूबा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार को अपने दोस्तों के साथ नगवा नाले में नहाने गया हाई स्कूल का छात्र तेज बहाव वाले पानी भरे गहरे नाले में डूब गया। साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बाद में पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश की, साथ ही एसडीआरएफ को बुलाया गया। लेकिन देर शाम तक एसडीआरएफ टीम भी तलाश नहीं कर सकी। कृष्णा नगर के पंडित खेड़ा निवासी जितेंद्र का बेटा साहिल (18) थाना क्षेत्र के कनौसी स्थित सर्वांगीण इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर साहिल घर से स्विमिंग पूल में नहाने जाने की बात कह कर निकाला था। लेकिन वह सरोजनीनगर के अमौसी निवासी अपने दोस्त कृष्णा सिंह और आशु रावत व दो अन्य के साथ आशु रावत के रिश्तेदारी बंथरा के भदोई गांव पहुंचा। बाद में वहां से सभी लोग खुर्रमपुर के पास नारायणपुर - फतेहगंज रोड स्थित नगवा नाले पर पहुंचे ।जहां नहाने के लिए पुलिया पर से तीनों ने बारी बारी से छलांग लगा दी। लेकिन साहिल तैर नहीं पता था, इस वजह से गहरे नाले में अधिक पानी होने के कारण वह डूबने लगा ।जबकि उसके साथी तैरते हुए बाहर निकल भागे। हालाकि बाद में उन्होंने कूद कर साहिल को बचाने की कोशिश की, लेकिन उसे नहीं बचा पाए और कुछ देर में ही साहिल गहरे पानी में डूब कर बहता चला गया। बाद में साहिल के दोस्तों ने बाहर निकल कर मदद के लिए शोर मचाया। तब सड़क से गुजर रहे राहगीर व आसपास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और उन्होंने तलाशने की कोशिश की, लेकिन वह भी साहिल को नहीं तलाश सके। बाद में पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पास के गांव में रहने वाले कुछ गोताखोरों को बुलाया, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी वह नहीं तलाश सके। वहीं काफी समय बीतने के बाद भी एसडीआरएफ टीम नहीं पहुंची। जिससे गुस्साए साहिल के परिजनों ने नाले के पास ही नारायणपुर - फतेहगंज रोड पर बैठकर सड़क जाम कर दी। हालांकि बाद में पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझा कर सड़क के किनारे किया। इसी बीच शाम करीब 5:45 बजे पहुंची एसडीआरएफ टीम ने पानी भर गहरे नाले में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन काफी देर बाद बाद भी साहिल का पता नहीं चल सका। वहीं तब तक काफी अंधेरा हो गया, तब नाले के किनारे लाइटें लगाकर उसकी रोशनी में एसडीआरएफ टीम द्वारा तलाश शुरू की गई।

# सड़क पर शव रखकर रोड जाम करने वालों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों सड़क दुर्घटना में हुई कक्षा 6 की छात्रा की मौत के बाद रोड जाम करने के मामले में पुलिस ने 8 नामजद सहित कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गौरतलब है कि बंथरा थाना क्षेत्र के मिजार्पुर निवासी रामसहाय यादव की 13 वर्षीय बेटी व पास के गांव बेंती स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 की छात्रा प्रियांशी साइकिल से बीती 27 अगस्त की शाम करीब पांच बजे घर से करीब 500 मीटर दूर बनी - मोहान रोड स्थित शिवानी स्कूल के पास चाऊमीन लेने गई थी, तभी हरौनी की ओर से कटी बगिया की तरफ जा रही तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने वहीं सड़क पर शव रखकर रोड जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद पीड़ित परिजनों के रिश्तेदारों व परिचितों को कुछ लोगों ने उकसाया, जिसके बाद उन्होंने शव को मुख्य मार्ग पर रखने के साथ सड़क पर बांस-बल्ली लगाकर यातायात बाधित कर दिया। पुलिस का कहना है कि करीब 4 घंटे तक रोड जाम हो जाने से कटी बगिया-मोहान रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की सरकारी जीप को भी सड़क पर रोक दिया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। इस दौरान पुलिस बल द्वारा समझाने-बुझाने का प्रयास करने पर कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता भी की। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में उन्नाव जिले के असोहा थाना अंतर्गत बिलौरा चौपई निवासी विकास यादव,बंथरा के ताराखेडा निवासी प्रदीप यादव उर्फ दीपक, मिजार्पुर निवासी धनंजय साहू, अंकित यादव, बचान खेड़ा के विनायक यादव उर्फ आजाद, उन्नाव के सोहरामऊ स्थित बौरी खेड़ा निवासी अनीस यादव, बंथरा के नरेरा निवासी संगम यादव और मिजार्पुर के रामशंकर कन्नौजिया सहित कई अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# 88.94 लाख महिलाओं ने की मुफ्त बस यात्रा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रक्षाबंधन के अवसर पर योगी सरकार की ओर से महिलाओं और उनके सहयात्रियों को दी गई तीन दिवसीय निशुल्क बस यात्रा का इस बार रिकॉर्ड लाभ मिला। 27 से 29 अगस्त 2026 तक प्रदेशभर में 88,94,730 यात्रियों ने बिना किराया दिए बसों से सफर किया। इनमें 55.17 लाख महिलाएं और 33.76 लाख से अधिक सहयात्री शामिल रहे। इस सुविधा पर राज्य सरकार ने 106.98 करोड़ रुपये का खर्च वहन किया। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष निशुल्क यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या ने 2025 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पिछले वर्ष तीन दिनों में 78.26 लाख यात्रियों ने मुफ्त बस यात्रा का लाभ लिया था। इस बार यह संख्या बढ़कर 88.94 लाख पहुंच गई, यानी करीब 10.68 लाख अधिक यात्रियों ने निशुल्क सफर किया। रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त को निशुल्क यात्रा का सबसे अधिक लाभ लिया गया। इस दिन 49.96 लाख यात्रियों ने बसों से यात्रा की। इनमें 32.47 लाख महिलाएं और 17.48 लाख सहयात्री शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार, 27 अगस्त को 9.26 लाख, 28 अगस्त को 49.96 लाख और 29 अगस्त को 29.71 लाख यात्रियों ने निशुल्क यात्रा की। महिलाओं की संख्या क्रमशः 6.03 लाख, 32.47 लाख और 16.66 लाख रही। तीन दिवसीय निशुल्क बस यात्रा पर इस वर्ष सरकार ने 106.98 करोड़ रुपये का खर्च वहन किया। वर्ष 2025 में इस सुविधा पर 86.98 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए थे। इस तरह इस बार सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 करोड़ रुपये अधिक खर्च किए।

# बरामदे में सो रहे किसान पर गिरी दीवार, दबने से मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के बीच रविवार तड़के करीब चार बजे दर्दनाक हादसा हो गया। तेज बारिश के दौरान बरामदे की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे में दबकर बरामदे में सो रहे 75 वर्षीय किसान शिवराम गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और ग्रामीण उन्हें मलबे से निकालकर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

माल थाना क्षेत्र के देवरी गजा निवासी शिवराम रविवार तड़के अपने घर के बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के कारण अचानक बरामदे की दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर



मृतक शिवराम फाइल – फोटो

पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर शिवराम को बाहर निकाला। आनन-फानन में उन्हें सैदापुर स्थित नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें चंद्रिका देवी रोड स्थित एलबी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने शिवराम को मृत घोषित कर दिया।

## हादसे के समय घर में अकेले थे

मृतक के बेटे मधुराम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ पिता के मकान से करीब 100 मीटर दूर दूसरे घर में रहते हैं। हादसे के समय शिवराम घर में अकेले थे और बरामदे में सो रहे थे। तेज बारिश के दौरान अचानक दीवार गिरने से वह मलबे में दब गए। पिता की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव को घर ले आए और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

## खेती–किसानी से चलता था परिवार

शिवराम खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी पत्नी शिवरानी का करीब तीन वर्ष पहले लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। परिवार में बेटा मधुराम और तीन पोते सर्वेश कुमार, दुर्गेश कुमार व ब्रजेश कुमार हैं। शिवराम की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एनओसी की मांग पर किसानों का आंदोलन तेज, एक सितंबर को वन विभाग कार्यालय घेरने की चेतावनी

## गांव–गांव जनसंपर्क कर किसानों से जुटने की अपील, कुबहरा से मोहनलालगंज तक होगा मार्च

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले गांव सभा की सड़कों के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी कराने की मांग को लेकर किसानों ने आंदोलन तेज कर दिया रविवार को कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र में आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने एक सितंबर को वन विभाग कार्यालय मोहनलालगंज के घेराव का एलान करते हुए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाया। संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने बताया कि एक सितंबर को सुबह 10 बजे किसान, महिलाएं और ग्रामीण कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर एकत्र होंगे इसके बाद सभी लोग जुलूस के रूप में वन विभाग कार्यालय मोहनलालगंज पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे उन्होंने कहा कि गांव सभा की सड़कों के निर्माण के लिए वन विभाग से एनओसी लंबे समय से लंबित जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही बैठक में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र एनओसी जारी नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों ने कहा कि मांग पूरी होने तक वन विभाग कार्यालय पर धरना जारी रहेगा। जनसंपर्क अभियान एवं बैठक में प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला महामंत्री रामसिंह,जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार, तहसील अध्यक्ष रामकुमार,युवा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र, जंगबहादुरगंज, केशव राम लोधी,रामकुमार (प्रधान पति) समेत बड़ी संख्या में किसान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तालाब में मजदूर का शव उतराता हुआ मिला, हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते तीन दिन से लापता हुए मजदूर का शव गांव के किनारे एक तालाब में उतराता हुआ मिला परिजनों ने हत्या की आशंका जताई. ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भुलसी निवासी विकास कुमार (22) शुक्रवार रक्षाबंधन वाली शाम घर से बिना बताए लापता हो गया पर परिजनों ने इधर-उधर काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका रविवार सुबह करीब 8:00 बजे ग्रामीण शौच के लिए गांव के किनारे



मृतक विकास फाइल – फोटो

बाहर गए थे। तभी तालाब में एक शव उतराता हुआ दिखाई दिया इतने में वहां हड़कंप मच गया मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी परिजनों के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

मृतक के चाचा प्रवेश ने बताया कि भतीजा विकास करीब 7 वर्ष पहले लुधियाना की एक फैक्ट्री में काम करते समय उसका बयां हाथ कट गया था। और वह नशे का आदी था, इधर-उधर मेहनत मजदूरी करता था।

मृतक के परिवार में पिता कृष्ण कुमार, माता रामकली, भाई रवि, दो बहने ममता और रचना है जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# मोहनलालगंज लूटकांड में पुलिस को एक और सफलता, 17 वर्षीय बाल अपचारी संरक्षण में

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। अप्रैल में हुई सनसनीखेज लूट की वारदात में मोहनलालगंज पुलिस को एक और सफलता मिली पुलिस ने मामले में वांछित 17 वर्षीय बाल अपचारी को रविवार को संरक्षण में ले लिया उसके विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सात अप्रैल को वृंदावन योजना निवासी हेमंत कुमार सोनी ने लाइसेंसी रिवाल्वर, मोबाइल फोन और गले की चेन लूटे जाने की तहरीर दी थी। शिकायत के आधार पर मोहनलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी जांच के दौरान पुलिस पहले ही इस मामले में आरोपी रवि सिंह उर्फ विक्की सिंह, आर्यन सिंह, विशेष त्रिवेदी उर्फ राज पंडित और निखिल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज चुकी वहीं घटना में शामिल बाल अपचारी की तलाश लगातार जारी थी। रविवार को तकनीकी साक्ष्यों, मैनुअल इंटेलिजेंस और स्थानीय मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम ने वांछित 17 वर्षीय बाल अपचारी को संरक्षण में ले लिया पुलिस का कहना कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और विवेचना के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों की जानकारी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के दीवानगंज गांव में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया चौपाल के माध्यम से महिलाओं और छात्राओं को उनकी सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा सरकारी सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम में महिलाओं को घरेलू हिंसा दहेज प्रताड़ना शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न जैसी परिस्थितियों का डटकर सामना करने और किसी भी स्थिति में आत्मघाती कदम न उठाने की सलाह दी गई साथ ही विपरीत परिस्थितियों में मानसिक रूप से मजबूत रहने और कानूनी मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। अविवाहित युवतियों और छात्राओं से संवाद कर उन्हें जल्दबाजी में कोई गलत निर्णय न लेने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में परिवार और पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपात सेवा), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 101 (फायर), 102 व 108 (एम्बुलेंस) की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर की भी जानकारी साझा की गई पुलिस ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन या स्थानीय पुलिस से संपर्क करें पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध ।

## संक्षेप

### 24 घंटे में तीन लाशों से मचा हड़कंप - एक ही थाना क्षेत्र में मिले तीन अज्ञात शव

उन्नाव। पिछले 24 घंटों में सदर कोतवाली क्षेत्र में तीन अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी है। पहली घटना शनिवार को आदर्शनगर मोहल्ले में शराब ठेके के पास की है। यहां करीब 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक ठेके के आसपास कूड़ा बीनता था और शराब पीता था। उसने सफेद टी-शर्ट और कत्थई अंडरवियर पहन रखा था। दूसरी घटना उसी दिन लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नरी से पहले कबाड़ फैक्ट्री के पास हुई। सड़क किनारे करीब 32 वर्षीय युवक का शव मिला। उसके दाहिने कंधे पर छिलने के निशान और सिर में चोट थी। पुलिस को पहले हादसे की आशंका हुई, जो सीसीटीवी फुटेज में सही निकली - युवक की मौत डीसीएम की टक्कर से हुई थी। मृतक ने नीली जींस और काले बॉर्डर वाली लाल सैंडो बनियान पहनी थी। तीसरी घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे सामने आई। सदर कोतवाली क्षेत्र की नहर में एक युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि 24 घंटे में मिले तीनों अज्ञात शवों की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

### पति-पत्नी के 17 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों के महिला हेल्पडेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 04, थाना थाना अजगैन व थाना पुरवा से 03-03, थाना कोतवाली सदर से 02, थाना बारासगवर, थाना हसनगंज, थाना गंगाघाट, थाना बीघापुर व थाना आसीवन से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति, डा0 सागीर अहमद, डा0 अबसार अली तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह व हे0का0 उपासना पाठक, महिला आरक्षीगण पूनम यादव, अंजली राजपूत, प्रियंका मिश्रा, अमिता, स्वाती यादव, बबली, पूजा, नीतू सिंह, सीमा देवी, ममता, शीतल यादव का योगदान रहा।

# भोर में हाईवे पर मौत का टकराव: सड़क घेरकर खड़े डंपर में घुसी रोडवेज बस, चालक की मौत; 19 यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली अजगैन क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर रविवार भोर करीब 4 बजे नींद में सफर कर रहे यात्रियों के बीच अचानक चीख-पुकार मच गई। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के पास ढाबे के सामने सड़क घेरकर खड़े डंपर में बस्ती डिपो की रोडवेज बस पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में बस चालक देवी प्रसाद (35) की मौत हो गई, जबकि करीब 19 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बस्ती डिपो की रोडवेज बस रविवार तड़के 49 यात्रियों को लेकर कानपुर की ओर जा रही थी। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के पास एक ढाबे के सामने सड़क पर खड़े डंपर से बस की टक्कर हो गई।

टक्कर के वक्त ज्यादातर यात्री नींद में थे। अचानक हुए तेज धमाके से यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। बस के अगले हिस्से में खून देखकर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

### सीएचसी पहुंचते ही चालक को मृत घोषित किया

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल चालक समेत यात्रियों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने बस चालक देवी प्रसाद पुत्र इंद्रजीत, निवासी विक्रमजीत, परशुरामपुर, बस्ती को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर रूप से घायल रशीद (24) और दिनेश (48) को जिला अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे वाहन से उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

हादसे के बाद सबसे बड़ा सवाल सड़क पर डंपर खड़े होने को लेकर है। पुलिस के मुताबिक चालक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुका था। हालांकि, प्रत्यक्ष घटनाक्रम में डंपर सड़क को घेरकर खड़ा बताया जा रहा है।

सवाल है कि क्या डंपर पर्याप्त सुरक्षा संकेतकों के साथ खड़ा था? क्या हाईवे पर रात के समय भारी वाहन को इस तरह खड़ा करने की अनुमति थी?

हाईवे पर तड़के तेज रफ्तार से चल रही बस के सामने यदि सड़क पर खड़ा भारी वाहन अचानक बाधा बन जाए तो परिणाम कितना भयावह हो सकता है, यह हादसा उसकी तस्वीर दिखाता है। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि घटना में बस चालक की मौत हुई है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

हादसे में परिचालक सुनील कुमार चौहान के अलावा रामचेत, हरिश्चंद्र, ब्रजलता, वैष्णवी, अनन्या, शोभित, विकास, इंद्रपाल, कलावती, अमृतराज, सुमित्रा, कलावती, पंकज, मनीषा, सत्यम और रामू समेत अन्य यात्रियों को चोटें आई हैं।

भोर की खामोशी में हुआ यह हादसा एक बार फिर हाईवे पर खड़े भारी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल छोड़ गया है। सड़क किनारे या सड़क घेरकर खड़ा वाहन सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि तेज रफ्तार यातायात के बीच चलता-फिरता खतरा है—और इस बार इसकी कीमत एक परिवार को चालक की जान देकर चुकानी पड़ी।

# तकनीकी खराबी के चलते लंबे समय तक ठप रही बिजली, उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे लोग

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में शनिवार को विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। पावर हाउस में आई गंभीर तकनीकी खराबी के कारण नगर की बिजली आपूर्ति घंटों पूरी तरह बाधित रही। भीषण गर्मी और उमस के इस दौर में बिजली न होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और नगरवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद जब स्थानीय नागरिकों ने स्थिति की जानकारी लेने के लिए पावर हाउस के कंट्रोल रूम से संपर्क करना चाहा, तो वहां का मोबाइल नंबर लगातार बंद मिला। फोन रिसीव न होने और कोई आधिकारिक सूचना न मिलने के कारण लोग असमंजस में रहे। बिजली गुल होने के असल कारणों और आपूर्ति बहाल होने के समय की सटीक जानकारी के लिए नागरिक एक-दूसरे से फोन पर संपर्क करते रहे और इधर-उधर भटकते नजर आए। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के तकनीकी कर्मचारी और अभियंता मौके पर पहुंचे और पावर हाउस के मुख्य उपकरणों में आई खराबी को दूर करने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत और घंटों की मरम्मत के बाद जाकर कहीं तकनीकी खामी को दुरुस्त किया जा सका। विभाग द्वारा लाइन ठीक किए जाने के बाद देर रात नगर की विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। चिपचिपी और भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गायब रहने से बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों का बुरा हाल हो गया। घरों में इनवर्टर जवाब दे चुके थे, जिससे पंखे और कूलर बंद हो गए। इसके अलावा बिजली आधारित छोटे कारोबार, दुकानों का कामकाज और जलापूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई। स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि भविष्य में ऐसी तकनीकी गड़बड़ियों से बचने के लिए समय-समय पर रख-रखाव (मेंटेनेंस) कराया जाए तथा पावर हाउस के संपर्क नंबरों को हमेशा सक्रिय रखा जाए ताकि संकट के समय जनता को सही जानकारी मिल सके।

# सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति ने मोहम्मद आसिफ को बनाया जनपद इकाई का अध्यक्ष




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति, उत्तर प्रदेश ने संगठन का विस्तार करते हुए उन्नाव इकाई में नई नियुक्ति की है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री के.के. त्रिपाठी और राष्ट्रीय महासचिव सौरभ श्रीवास्तव, एडवोकेट की संस्तुति पर एडवोकेट मोहम्मद आसिफ को अल्पसंख्यक समिति एवं अधिवक्ता समिति, उन्नाव इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन 29 अगस्त 2026, शनिवार से तत्काल प्रभाव से लागू होगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने बताया कि आसिफ से उम्मीद है कि वह पद की गरिमा बनाए रखते हुए समिति के उद्देश्यों और सामाजिक कार्यों के प्रति निष्ठा व ईमानदारी से काम करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने में योगदान देंगे समिति ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# मंदिर के पीछे नाले में मिला युवक का शव, पत्नी पर मारपीट का आरोप



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली के सिद्धनाथ मंदिर के पीछे तालिब सराय वाले नाले में शनिवार देर रात 22 वर्षीय युवक का शव मिला। मृतक की पहचान हजारी टोला सिद्धनाथ मंदिर निवासी पंकज गोस्वामी पुत्र स्व. अशोक गोस्वामी के रूप में हुई है। परिजनों ने पत्नी पर मारपीट का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार शनिवार शाम करीब 6:30 बजे पंकज का पत्नी दीक्षा गोस्वामी से घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह घर से निकल गया। देर रात करीब 10 बजे उसके दोस्त ने मंदिर के पीछे नाले में उसका शव पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि शनिवार रात पोस्टमार्टम नहीं हो सका था, जिसके बाद रविवार दोपहर वह दोबारा शव लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां शाम करीब 4 बजे पोस्टमार्टम हुआ। पंकज सिद्धनाथ मंदिर में फूलों की दुकान लगाकर परिवार पालता था। उसकी शादी 2020 में दीक्षा उर्फ सुमन से हुई थी। दंपती की एक साल की बेटी है। उसकी मां गुड्डी देवी हैं और तीन बहनें दुर्गा, निन्ही व सोनी हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।

बहन ने आरोप लगाया कि पत्नी ने पंकज के साथ मारपीट की थी। परिजनों के मुताबिक विवाद के बाद पंकज ने पत्नी और मोहल्ले वालों से कहा था कि ₹आज के बाद हम घर नहीं आएंगे।₹ इसके कुछ घंटे बाद उसका शव नाले में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। मौत की असली वजह रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

# चलते बाइक ट्रेलर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शेखपुर में रविवार दोपहर करीब 2 बजे स्वस्तिक होंडा के पास चल रहे बाइक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और पूरा वाहन आग की चपेट में आ गया। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कूदकर जान बचा ली।

बताया जा रहा है कि ट्रेलर शेखपुर नगर की तरफ से गुजर रहा था। स्वस्तिक होंडा के पास पहुंचते ही वाहन से धुआं निकलने लगा। चालक को आग का अहसास होते ही उसने गाड़ी किनारे रोककर नीचे छलांग लगा दी। उसके उतरते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें ऊंची उठती देख आसपास के लोग दूर हट गए और सड़क पर भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें तेज होने से सफलता नहीं मिली। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक ट्रेलर का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो चुका था।

हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं है। शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी को कारण माना जा रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, जांच के बाद ही असली वजह सामने आएगी।

# पुष्प फाउंडेशन के रक्षाबंधन कार्यक्रम में बेकाबू हुई भीड़, एक किमी लंबा जाम; प्रशासन ने रुकवाया साड़ी वितरण कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मानपुर और इंदेमऊ के बीच राजमार्ग किनारे रविवार को पुष्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मौके पर अनुमति से कई गुना अधिक भीड़ उमड़ पड़ी। इस कारण राजमार्ग के दोनों ओर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हालात पर काबू पाने के लिए प्रशासन को साड़ी वितरण योजना पर रोक लगानी पड़ी और आयोजकों से कार्यक्रम समापन की घोषणा करानी पड़ी। पुष्प फाउंडेशन के संस्थापक सीएस पुष्पेंद्र प्रताप सिंह पिछले कई महीनों से इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं से राखी बंधवाने और साड़ी वितरण की योजना थी। आयोजकों ने प्रशासन से करीब 15 हजार लोगों के जुटने की अनुमति ली थी, लेकिन मौके पर क्षमता से कहीं अधिक भीड़ पहुंच गई, जिससे पूरी व्यवस्था चरमरा गई। यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सर्किल के चार थानों के साथ-साथ असोहा व दही चौकी थानों से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। लगभग 100 पुलिसकर्मी व्यवस्था संभालने में जुटे थे, लेकिन भीड़ के भारी दबाव को देखते हुए एसडीएम आनंद नायक और सीओ मधुप नाथ मिश्रा ने तत्काल जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को सूचना दी। वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने पर आयोजकों से वार्ता कर मंच से कार्यक्रम समापन का ऐलान कराया गया। एसडीएम आनंद नायक और सीओ मधुप नाथ मिश्रा ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम को रद्द या रोका नहीं गया, बल्कि भीड़ और यातायात नियंत्रण के मद्देनजर साड़ी वितरण की अनुमति नहीं दी गई। व्यवस्था संभाल रहे पुष्पेंद्र प्रताप के भाई मानवेंद्र ने आरोप लगाया कि उनका कार्यक्रम एक घंटे भी ठीक से नहीं चलने दिया गया। वहीं, मंच से पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जो बहनें राखी नहीं बांध पाई हैं, उनके घर जाकर कार्यकर्ता राखी बंधवाएंगे। साथ ही उन्होंने बहनों की इच्छा पर चुनाव लड़ने का राजनीतिक संकेत भी दिया। दिनभर चले इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई और अव्यवस्था को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी रहीं।

# युवक की ट्रेन से कटकर मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन के जगदीशपुर के पास रविवार सुबह रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई। मृतक की पहचान दही थाना क्षेत्र के शहजादपुर निवासी आलोक कुमार चमार (40) पुत्र नन्हेंलाल के रूप में हुई है।

सुबह करीब साढ़े सात बजे पॉइंटमैन संतोष कुमार ने ट्रैक पर शव पड़ा देख अजगैन पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान कराई और परिजनों को सूचित किया।

परिजनों में भाई मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि आलोक कैंसर बीमारी से जूझ रहे थे और लखनऊ से दवा चल रही थी। शनिवार 29 अगस्त को वह दवा लेने सोनिक स्टेशन से लखनऊ के लिए निकले थे, फिर वापस नहीं आए। रविवार सुबह ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिली।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# तीन दिन से लापता किशोरी का नहर में फंसा मिला शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के जारुल्लानगर से 28 अगस्त से लापता चल रही 16 वर्षीय किशोरी की लाश रविवार दोपहर शारदा नहर की आसीवन शाखा में मिली है। मृतका की पहचान गांव निवासी सुखलाल की बेटी राधा के रूप में हुई। पिता सुखलाल ने शनिवार को थाने में सूचना दी थी कि बेटी 28 अगस्त सुबह पांच बजे शौच के लिए घर से गई थी। वह घर से करीब 200 मीटर दूर नहर की ओर गई और फिर लौटकर नहीं आई। परिजन तलाश करते रहे, पता न चलने पर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू की थी। रविवार को खानपुर सुरौली के पास कोठी पुलिया में शव फंसा होने की खबर पर ग्रामीणों ने पुलिस को बताया। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिया के अंदर शव फंसे होने से उसे निकालने में काफी दिक्कत हुई। करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला जा सका। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को राधा के रूप में पहचाना। सीओ हर्ष मोदी भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से बात की। परिवार के मुताबिक राधा प्राइवेट स्कूल में इंटर की छात्रा थी। वह दो भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर पर थी। उसके बड़े भाई का नाम रोहित, छोटे का मोहित और बहन का नाम मोनिका बताया गया। घटना के बाद मां शैलजा का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नाला काटे जाने से भड़का गुस्सा, लोहिया स्कूल के पास लोगों ने दिया धरना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज नगर के वार्ड नंबर 27 स्थित श्रीनगर, पोनी रोड शुक्लागंज में डॉक्टर लोहिया स्कूल के पास नाले को काटे जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। नाला काटे जाने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समस्या से परेशान नागरिकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और मौके पर धरने पर बैठ गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में जल निकासी के लिए नाला महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरोप है कि नाले को काटे जाने के बाद पानी की निकासी बाधित हो गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में बारिश होने पर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति गंभीर रूप ले सकती है। गंदा पानी जमा होने से लोगों को दुर्गंध, गंदगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

### नाला काटने के आदेश पर उठाए सवाल

धरने पर बैठे लोगों ने नाला काटे जाने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि आखिर नाले को किसके आदेश पर काटा गया। स्थानीय नागरिकों ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यह पता लगाया जाए कि नाले को काटने की अनुमति किस स्तर से दी गई थी।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बिना उचित वैकल्पिक व्यवस्था किए जल निकासी की व्यवस्था से छेड़छाड़ करना क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बारिश के दौरान हालात और बिगड़ने की आशंका है।

### मौके पर अधिकारियों को भेजने की मांग

धरने पर बैठे लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। नागरिकों ने कहा कि अधिकारियों को मौके पर भेजकर नाले की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कराया जाए तथा जल निकासी व्यवस्था को पहले की तरह सुचारु कराया जाए। स्थानीय लोगों ने यह भी मांग की कि नाले को काटे जाने से यदि किसी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या उत्पन्न हुई है तो उसका स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि भविष्य में क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े।

### समाधान न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

धरनारत नागरिकों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। लोगों का कहना है कि वे किसी विवाद को बढ़ाना नहीं चाहते, लेकिन क्षेत्र की मूलभूत जल निकासी व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए और नाले की व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। फिलहाल नाला काटे जाने को लेकर क्षेत्र में लोगों का आक्रोश बना हुआ है और सभी की निगाहें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# झील किनारे युवक का मिला शव हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में बरकोता झील के पास शनिवार देर शाम 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला। मृतक की पहचान प्यारेपुर गांव निवासी हरिपाल के बेटे रविकांत के रूप में हुई है। शरीर पर चोट के निशान मिलने से परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक रविकांत गुजरात में मजदूरी करता था और त्योहार के चलते कुछ दिन पहले ही गांव आया था। 29 अगस्त को वह दोस्तों के साथ घर से निकला था और देर रात तक नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, तभी शनिवार शाम झील के पास उसका शव पड़ा होने की सूचना मिली। परिवार का कहना है कि उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे। इसी आधार पर उन्होंने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से मांग की है कि आखिरी बार साथ दिखे दोस्तों से पूछताछ कर मामले की गहराई से जांच की जाए। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि रविकांत तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस उन लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है जिनके साथ रविकांत को आखिरी बार देखा गया था और घटनास्थल के आसपास भी जांच की जा रही है। रिपोर्ट और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रिजर्व पुलिस लाइन में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, सीओ सिटी ने विजेताओं को किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रिजर्व पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस परिवार के बच्चों व सदस्यों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 60 मीटर दौड़, साइकिल रेस, पासिंग द बॉल, खो-खो सहित कई खेल कराए गए। सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समापन अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और आगे भी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय, प्रभारी वेलफेयर शाखा व कर्मचारीगण सहित पीटीआई मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# हिमालय का बिगड़ता संतुलन बढ़ा रहा खतरा

नेपाल में तिब्बत से आई अचानक बाढ़ ने हिमालय के बिगड़ते संतुलन की गंभीर चेतावनी दी है। रसुवा में भोटेकोशी नदी का उफान घर, पुल और जलविद्युत परियोजनाएं बहा ले गया। सैकड़ों लोग लापता हैं। कई की मौत हो चुकी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए 100 से अधिक भारतीय नागरिक भी संकट में हैं। अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि तबाही की शुरुआत ग्लेशियल झील फटने से हुई, हिमस्खलन से या भूकंपीय हलचल से, लेकिन एक बात साफ है। हिमालय का प्राकृतिक संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है और उसका खामियाजा इंसानों को भुगतना पड़ रहा है। यह मैदानी भागों के लिए भी खतरा बढ़ा रहा है। हिमालय को हमने विकास की प्रयोगशाला समझ लिया है। जहां सड़क चाहिए, पहाड़ काट दिए; जहां बिजली चाहिए, नदियों पर परियोजनाएं खड़ी कर दीं; जहां पर्यटन चाहिए, वहां जंगल और नदी घाटियों तक निर्माण पहुंच गया। सवाल यह नहीं है कि विकास होना चाहिए या नहीं। सवाल यह है कि क्या हम हिमालय की प्रकृति और उसकी क्षमता को समझकर विकास कर रहे हैं? जलवायु परिवर्तन ने इस चुनौती को और खतरनाक बना दिया है। तापमान बढ़ने से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ और मलबे से बनी प्राकृतिक झीलें फैल रही हैं। इन झीलों के बांध कमजोर पड़ते हैं तो पानी अचानक नीचे की ओर टूट पड़ता है। कुछ मिनटों या घंटों में शांत नदी विनाशकारी बाढ़ में बदल सकती है। नेपाल की मौजूदा घटना में स्थानीय बारिश को बाढ़ का प्रमुख कारण नहीं माना जा रहा। ऐसे में ग्लेशियल झील फटने या हिमस्खलन से नदी का रास्ता बाधित होकर अचानक पानी छोड़े जाने की आशंका है। यदि यह आशंका सही साबित होती है तो यह केवल एक प्राकृतिक दुर्घटना नहीं होगी, बल्कि बदलते हिमालयी पर्यावरण की उस तस्वीर का हिस्सा होगी, जिसमें आने वाले वर्षों में ऐसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। नेपाल में शुरू हुई बाढ़ भारत के मैदानी इलाकों में भी खतरा पैदा कर सकती है। यानी हिमालय में होने वाला पर्यावरणीय बदलाव काठमांडू या पहाड़ी गांवों की समस्या भर नहीं है। इसका असर बिहार, उत्तर प्रदेश और गंगा के विशाल मैदानी क्षेत्र तक पड़ सकता है। सबसे बड़ी कमी हमारी आपदा पूर्व चेतावनी व्यवस्था में है। जिस क्षेत्र में ग्लेशियल झीलें मौजूद हैं, वहां उनकी लगातार निगरानी क्यों न हो? उपग्रहों, रडार, सेंसर और स्वचालित जलस्तर मापक यंत्रों से मिली जानकारी को नेपाल, भारत और चीन के बीच साझा क्यों न किया जाए? यदि नदी के जलस्तर में असामान्य वृद्धि की सूचना कुछ मिनट पहले भी निचले इलाकों तक पहुंच जाए तो अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। हिमालय को बचाना केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं है। यह जल सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और करोड़ों लोगों के जीवन का सवाल है। हिमालय कमजोर होगा तो उसकी नदियां उग्र होंगी, मैदानों में बाढ़ बढ़ेगी और सूखे का खतरा भी गहरा सकता है। नेपाल की त्रासदी को केवल एक और बाढ़ की खबर मानकर भूल जाना सबसे बड़ी भूल होगी। यह प्रकृति का संकेत है कि पहाड़ अपनी सीमा से अधिक दबाव स्वीकार नहीं कर सकते। अब भी समय है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाया जाए। हिमालय को जीतने की नहीं, समझने और बचाने की जरूरत है। क्योंकि पहाड़ बचेंगे, तभी नदियां बचेंगी और नदियां बचेंगी, तभी मैदानों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।



## बौद्ध तीर्थस्थल
निरंकार सिंह

# कनिंघम ने नहीं, जगत सिंह ने खोजा था सारनाथ का इतिहास

विश्वविख्यात बौद्ध धर्मस्थल एंव पर्यटन केन्द्र सारनाथ की खोज के ऐतिहासिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसकी खोज का श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने लिया। उन्होंने बाबू जगत सिंह की सूचनाओं की सही जानकारी भी नहीं दी। हालांकि बाबू जगत सिंह की सूचनाओं के आधार पर कनिंघम ने इसका उत्खनन कराया और वहां तमाम मूर्तियां भी मिली, जो आज सारनाथ संग्रहालय में रखीं हुई हैं। अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ऐतिहासिक तथ्यों की गहन छानबीन के बाद बाबू जगत सिंह के योगदान को स्वीकार कर लिया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक वाई.एस. रावत ने अब पह स्वीकार किया कि सारनाथ में सबसे पहले खुदाई का काम जगत सिंह ने कराया था, जिसके कारण इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व का पता चला। जगत सिंह के वंशज प्रदीप नारायण सिंह ने एएसआई को साक्ष्यों के दस्तावेज सौंपे थे, जिनसे यह साबित होता है कि इस स्थल पर पहली खुदाई जगत सिंह ने ही कराई थी। वाराणसी से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित सारनाथ दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थ स्थलों में से एक है। माना जाता है कि यह वही स्थान है जहां गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश दिया था, फलस्वरूप बौद्ध धर्म के प्रसार की शुरुआत हुई। एएसआई के महानिदेशक रावत ने अब सारनाथ परिसर में लगी पट्टिका (शिलालेख) में अब संशोधन कर दिया गया है, जिसमें जगत सिंह की भूमिका को मान्यता देते हुए उनका नाम भी शामिल किया गया है। यह संशोधन हाल में सारनाथ परिसर में लगाई गई नई पट्टिका में देखा जा सकता है। यहां पहले वाली पट्टिका में इस स्थल के पुरातात्विक महत्व की पहली खोज का श्रेय 1798 में ब्रिटिश अधिकारियों को दिया गया था, वहीं नई पट्टिका में यह बताया गया है कि इस स्थल का महत्व 18वीं सदी के आखिर में तब सामने आया, जब काशी के बाबू जगत सिंह ने निर्माण सामग्री के लिए एक प्राचीन टीले की खुदाई कराई थी, फलस्वरूप कई महत्वपूर्ण पुरावशेषों की खोज हुई। इस तरह, संशोधित शिलालेख इस जगह पर शुरुआती खुदाई के काम में जगत सिंह की भूमिका को मान्यता देता है। साथ ही, वह यह भी बताता है कि कई पुरातत्वविदों ने बाद में खुदाई की, जिसमें तीसरी सदी ईसा पूर्व से लेकर 12वीं सदी ईस्वी तक के मठ, स्तूप, मंदिर और मूर्तियां मिलीं। वाराणसी के जगतगंज शाही परिवार के प्रतिनिधि और बाबू जगत सिंह के छठी पीढ़ी के वंशज प्रदीप नारायण सिंह अपने पूर्वजों के ऐतिहासिक योगदान के बारे में शोध और दस्तावेजी सबूत इकट्ठा करने की कोशिशें लंबे समय से लगे थे। 'अब एएसआई ने औपचारिक रूप से यह मान लिया है कि सारनाथ का इतिहास सबसे पहले बाबू जगत सिंह द्वारा कराई गई खुदाई के बाद ही सामने आया था। एएसआई की यह मान्यता इस बात का भी संकेत है कि ब्रिटिश काल के दौरान बाबू जगत सिंह के योगदान को नजरअंदाज कर दिया गया था और उन्हें सारनाथ की खोज का सही श्रेय नहीं मिला था। इस बौद्ध स्थल की खोज का इतिहास उल्लेखनीय और आकर्षक है। यह शानदार और अकल्पनीय रूप से विश्व के सामने आया। 1787 के आसपास एक विशिष्ट घटना घटी जिसके पश्चात इस स्थान ने विद्वानों, भिक्षुओं और पुरातत्वविदों का ध्यान आकर्षित करना आरम्भ किया। लगभग 1787 में स्थानीय राजपरिवार के सदस्य और सारनाथ के जमींदार बाबू जगत सिंह को इस क्षेत्र में उपलब्ध ईंटों और पत्थरों के अम्बार का पता चला। उन्होंने अपने नाम पर नगर में एक बाजार निर्मित करवाने की योजना को सफल बनाने के लिए इस निर्जन क्षेत्र को खोदकर यहां से आवश्यक निर्माण सामग्री प्राप्त करने का मन बनाया तथा मजदूरों को इस काम में लगा दिया गया। यह बाजार आज भी नगर में है और उन्हीं के नाम पर जगतगंज नाम से विख्यात है। धमेख स्तूप से पश्चिम में लगभग 520 फीट (158.5 मीटर) की दूरी पर ईंटों और पत्थरों के ढेर को खोद निकाला गया। स्तूप के टीले से निर्माण सामग्री की खोदाई करते समय एक गोलक-रूप बलुआ पत्थर के बक्से के भीतर एक बेलनाकार हरे रंग की संगमरमर की मंजूषा मिली।



## मुद्दा
अरविंद जयतिलक

# सीमा विवाद सुलझाने की सुखद पहल

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने की पहल एक सुखद संकेत है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के साथ ही सीमा तय करने की दिशा में आगे बढ़ने की पहल पर चर्चा की है। पिछले दिनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल चीन की यात्रा पर थे। उन्होंने कहा कि हम यहां बातचीत के 25वें दौर के लिए उपस्थित हैं। सवाल यह है कि क्या दोनों देशों की पहल से सीमा विवाद का हल निकलेगा? क्या दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव कम होगा? यह सवाल इसलिए कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझाने की पहल कई बार हो चुकी है।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने की पहल एक सुखद संकेत है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के साथ ही सीमा तय करने की दिशा में आगे बढ़ने की पहल पर चर्चा की है। पिछले दिनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल चीन की यात्रा पर थे। उन्होंने कहा कि हम यहां बातचीत के 25वें दौर के लिए उपस्थित हैं। सवाल यह है कि क्या दोनों देशों की पहल से सीमा विवाद का हल निकलेगा? क्या दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव कम होगा?

यह सवाल इसलिए कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझाने की पहल कई बार हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस सार्थक परिणाम नहीं निकला। याद होगा 2020 में गलवान में हुई झड़प के बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते तल्ख और असहज हैं। तब गलवान घाटी में चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय जवानों पर हमला दोनों देशों के रिश्ते को दुश्मनी और नफरत में बदल दिया था। इस हमले में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे, वहीं चीन को भी अपने 43 जवानों की जिंदगी से हाथ धोना पड़ा था। इस हालात के लिए पूर्ण रूप से चीन ही जिम्मेदार था। अगर वह 1996 और 2005 में हुए समझौते का पालन किया होता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पैदा नहीं होती। गत वर्ष रूस में ब्रिक्स समिट से ठीक पहले भारत-चीन के बीच ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर सहमति बनी और दोनों देशों ने इस पर सहमति जताई कि देपसांग और डेमचॉक क्षेत्र में जहां गश्त ब्लॉक है, वहां सैनिक पीछे हटेंगे और गश्त फिर से शुरू होगी। कहना गलत नहीं होगा कि चीन के अडियल रुख से ईस्टर्न लद्दाख के पैंगोग क्षेत्र, गलवान के पीपी-14, गोगरा और हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में आज भी तनाव बरकरार है। नतीजतन यह क्षेत्र अभी भी बफर जोन बना हुआ है। फिलहाल कहना मुश्किल है कि यह बैठक दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझाने में मददगार होगी या चीन पुनः भारतीय भू-भाग को अतिक्रमित नहीं करेगा। यह इसलिए कि चीन वार्ता में दिलचस्पी तो दिखाता है लेकिन बेहतर परिणाम देने की दिशा में आगे नहीं बढ़ता। जब तक चीन साम्राज्यवादी मानसिकता की खोल से बाहर नहीं आएगा, तब तक भारत-चीन सीमा विवाद सुलझने के आसार कम हैं। चीन की उदासीनता का ही नतीजा है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद ज्यों का त्यों बना हुआ है। उसके असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चल रही बातचीत तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंची। 1993, 1996 और 2005 में दोनों देश कई बार सीमाओं के विभाजन के लिए वार्ता की, लेकिन उसका सकारात्मक नतीजा नहीं निकला। कारण वार्ता के दौरान चीन कभी भी दस्तावेजों के आदान-प्रदान में रुचि नहीं दिखाता।

भारत के जिन क्षेत्रों पर उसका एक इंच भी दावा है, उससे हटने का आज तक संकेत नहीं दिया। विडंबना यह भी कि वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं। वह उसे अवैध बताता है। जबकि देश-दुनिया को अच्छी तरह पता है कि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया। इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक है। समझना




जरूरी है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारो देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रूप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। समझना जरूरी है कि आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उस पर अपना दावा करती रही। तिब्बत का स्वतंत्र अस्तित्व स्वीकारने से उत्तर से पूर्वोत्तर तक कहीं भी भारत और चीन की सीमा नहीं मिलती थी। इस तरह उत्तरी-पूर्वी सीमा को एक प्राकृतिक सुरक्षा मिली हुई थी। लेकिन स्वतंत्र भारत की नेहरु सरकार की अदूरदर्शी नीति ने स्वतंत्र तिब्बत को बलिदान हो जाने दिया। पीकिंग पर साम्यवादियों का कब्जा होने के उपरांत 23 मई, 1951 को तिब्बत के दलाई लामा सरकार के प्रतिनिधियों और चीनी सरकार के अधिकारियों के बीच 17 सूत्रीय कार्यक्रम पर समझौता हुआ। इस समझौते को दलाई लामा तिब्बत के स्वतंत्र अस्तित्व की समाप्ति के रूप में देखते हुए भारत से रक्षा की गुहार लगाई। लेकिन तत्कालीन नेहरु सरकार पर चीन के साथ दोस्ती का भूत सवार था और उन्होंने अंग्रेजी दस्तावेजों का हवाला देकर तिब्बत पर चीन की अधिनस्थता की बात स्वीकार ली। नतीजा माओ के रेडगार्डों ने तिब्बत पर चढ़ाई कर एक वर्ष के अंदर पूरे तिब्बत पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। आज की तारीख में सिक्किम-तिब्बत सीमा को छोड़कर लगभग संपूर्ण भारत-चीन सीमा विवादित है। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है।

दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। याद होगा कि गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल के तवांग इलाके को चीन को सौंप देता है तो वह भी बदले में उसे अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके इस साजिश भरे प्रस्ताव को ठुकरा दिया। भारत की मनाही के बावजूद वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहिया कर वह भारतीय संप्रभुता को चुनौती परोस रहा है।

भारत को चीन पर दबाव बनाने के लिए तिब्बत के मसले पर अपना कड़ा रुख अख्तियार करना होगा। तिब्बत का स्वतंत्र अस्तित्व ही भारत की सीमाओं की रक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है। अगर भारत तिब्बत की स्वतंत्रता और मानवाधिकार हनन के मसले को अन्तरराष्ट्रीय कूटनीति की तीव्र आंच पर रखता है तो सच मानिए चीन की पेशानी पर बल आना तय है। तिब्बत की स्वतंत्रता चीन की कमजोर नस है और भारत इसे मानवाधिकार हनन का नश्तर बनाकर चीन की हेकड़ी का सफल ऑपरेशन कर सकता है।

# जिसने दिल दुखाया, उसे भी दें प्यार



संकलित
**दर्शन**

'अगर कोई व्यक्ति आपको दुख पहुंचाए, तब भी उसे प्रेम दें। सबसे बड़ी सजा किसी को अपने दिल से निकाल देना है।' नीम करौली बाबा की यह बात सुनकर कई लोग चौंक जाते हैं, क्योंकि दिल दुखाने वाले को प्यार देना आसान नहीं होता है। लेकिन बाबा का यह संदेश मन की गहराई में उतरने वाली सीख है। जीवन में धोखा, अपमान या विश्वास टूटने पर गुस्सा आना स्वाभाविक है। फिर भी बाबा हमें याद दिलाते हैं कि नफरत पालकर हम खुद को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। जब कोई हमें चोट पहुंचाता है, तो मन तुरंत उससे दूर होने या जवाब देने की सोचता है। गुस्सा और नफरत उस व्यक्ति को हमारे विचारों में बार-बार जगह दे देते हैं। नीम करौली बाबा कहते हैं कि दूसरे की गलती की वजह से अपने मन की शांति को नहीं खोना चाहिए। प्रेम का मतलब यह नहीं कि गलत व्यवहार को सही मान लें। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि कटुता को अपने अंदर जड़ ना पकड़ने दिया जाए। सामने वाले को सजा देने की बजाय खुद को हल्का रखना ज्यादा जरूरी है। किसी को माफ करना अक्सर बहुत कठिन लगता है, खासकर जब चोट किसी करीबी ने पहुंचाई हो। माफी का अर्थ यह नहीं कि जो हुआ उसे भूल जाओ या फिर से वैसा ही भरोसा कर लो। असली माफी अपने मन को उस पुरानी पीड़ा से धीरे-धीरे मुक्त करने में है। सीमाएं तय की जा सकती हैं, दूरी भी बनाई जा सकती है। लेकिन बदले की भावना को सीने में पालना जरूरी नहीं।

# प्रतिज्ञाओं के प्रति हमेशा रहे समर्पित



संकलित
**प्रेरणा**

स्वामी विवेकानन्द का प्रेरक व्यक्तित्व उन्नीसवीं सदी के अंतिम दशक और बीसवीं सदी के पहले दशक के दौरान भारत और अमेरिका दोनों में प्रसिद्ध था। एक बार गाजीपुर से वाराणसी जाते समय स्वामी विवेकानंद का पता चला कि श्री रामकृष्ण के वफादार सेवक बलराम बसु ने अंतिम सांस ली है। उनकी आंखों में आंसू देखकर उनके साथ चल रहे प्रमदा दास मित्र ने कहा कि दुखद व्यक्त करना एक संत को शोभा नहीं देता। स्वामी ने आक्रामक रूप से जवाब दिया और कहा कि क्या मैं अपना हृदय त्याग दूं क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं? संन्यास किसी को पत्थर दिल बनने के लिए नहीं कहता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि कोई भी महिला उनके मठ में कभी प्रवेश नहीं करेगी। एक बार उन्हें बुखार से बेहोशी महसूस हुई और उनका एक शिष्य स्वामी जी की अनुमति के बिना अपनी मां को उनके पास लाने गया। मठ के अंदर उसकी मां को देखकर क्रोधित होकर उन्होंने शिष्य को डांटा। आपने एक महिला को अंदर क्यों आने दिया? मैंने ही नियम बनाया था और मेरे लिए ही नियम तोड़ा जा रहा है! इससे पता चलता है कि वह अपनी प्रतिज्ञाओं के प्रति कितने समर्पित थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी



*देशभर में बुधवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस निकाला गया।*

## आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि-त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे। *- विपिन साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

### त्वरित अदालतों में लंबित मामलों की सूची में उप्र सबसे ऊपर

देश भर की त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालतों में लंबित मामलों में से लगभग 78 प्रतिशत मामले उत्तर प्रदेश के हैं, जहां 13.74 लाख से ज्यादा मामले निस्तारण का इंतजार कर रहे हैं। सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत न्याय विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, देश भर की त्वरित अदालतों में 17.5 लाख से ज्यादा मामले लंबित हैं। जवाब के अनुसार, त्वरित अदालतें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा संबंधित उच्च न्यायालयों के साथ सलाह-मशविरा करके खास तरह के मामलों की तेजी से सुनवाई के लिए बनाई जाती हैं।



## ऑफ बीट

### शिक्षकों से अभद्र व्यवहार, स्कूल अभिभावकों से कैसे निपटें

शिक्षकों और स्कूल प्रधानाचार्यों के साथ अभिभावकों के दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसे रोकने के लिए कुछ निजी स्कूलों ने अभिभावकों से आचार संहिता पर हस्ताक्षर करवाना शुरू किया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, कुछ प्रधानाचार्यों ने अभिभावकों के अधिकार-बोध, कर्मचारियों को डराने-धमकाने और अपने बच्चे के गलत व्यवहार को स्वीकार करने से इनकार जैसे मामलों पर चिंता जताई है। सरकारी स्कूल भी अभद्र व्यवहार करने वाले अभिभावकों पर अंकुश लगाने के लिए नए कदम उठा रहे हैं।




## X ट्रेंड f

### एक देश, एक चुनाव



कांग्रेस का कहना है कि 'एक देश, एक चुनाव' असंवैधानिक है, उनका जमीर इसकी इजाजत नहीं देता। एक बार आईने के सामने खड़े होकर खुद से ईमानदारी से पूछिए: जमीर किस बात की इजाजत नहीं देता? 'एक देश, एक चुनाव' की, या कमजोर होती जा रही कांग्रेस को बचाने की?
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### छात्रों की जीत



महाराष्ट्र के छात्रों ने एक लड़ाई जीत ली है। ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा और पूरी भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी गई है - यह सरकार की कोई मेहरबानी नही है, बल्कि उन छात्रों की जीत है जो मार्च में ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद से ही डटे रहे।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### महिला सशक्तिकरण



राहुल गांधी महिलाओं के अधिकारों के कोई चैंपियन नही है। वे हिंदू धर्म को निशाना बनाने और उसे बदनाम करने के लिए महिला सशक्तिकरण के मुद्दे का इस्तेमाल एक सुविधाजनक आड़ के तौर पर करते हैं।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### आत्मनिर्भर भारत



'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प रक्षा क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। स्वदेशी मिलिट्री कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम का लद्दाख के न्योमा मे -15°C तापमान और 22,000 फीट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।
-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मप्र

## संक्षेप

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खाया जहर

#### अमेठी में हालत खतरे से बाहर, 6 महीने से मायके में रह रही महिला

अमेठी ,पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया।हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है। मामला रामगंज थाना क्षेत्र के छीड़ा गांव का है। जानकारी के अनुसार, प्राची तिवारी ने करीब छह साल पहले मिजार्पुर के बीघापुर निवासी अजय प्रताप तिवारी से प्रेम विवाह किया था। प्राची पिछले करीब एक महीने से अपने मायके छीड़ा में रह रही थी। बताया गया कि सोमवार दोपहर करीब एक बजे अजय अपनी ससुराल पहुंचा था। यहां किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद अजय ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पीआरवी 6907 मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों की मदद से अजय को प्रतापगढ़ के कोहरौड़ स्थित सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।रामगंज थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से युवक के जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिली थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है।पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### लगातार चोरियां, ग्रामीणों में आक्रोश

#### ट्रैक्टर से बैटरी-पटिया चोरी; आधा दर्जन वारदातों का खुलासा नहीं

अमेठी ,संग्रामपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। टीकरमाफी चौकी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद पुलिस जांच का आश्वासन तो देती है, लेकिन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।ताजा मामला बनबीरपुर गांव का है। यहां देर रात चोरों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को निशाना बनाया। चोर ट्रैक्टर से बैटरी और पटिया निकालकर ले गए।सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।इससे एक दिन पहले भी इसी गांव में दो ग्रामीणों की साइकिलें चोरी हो गई थीं। लगातार दो दिनों में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी है तीन डंपरों से चोरी हुई थीं बैटरियांग्रामीणों के मुताबिक, कुछ दिन पहले पड़ोस के भावलपुर मौहरिया गांव में भी चोरी हुई थी।चंचल तिवारी के घर के पास खड़े तीन डंपरों से चोर तीन बैटरियां निकालकर ले गए थे। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में भी अभी तक चोरी का खुलासा नहीं हुआ हैपुलिस सिर्फ जांच का देती है आश्वासन ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार चोरी होने के बावजूद रात की गश्त प्रभावी नहीं है। शिकायत करने पर पुलिसकर्मी जांच का आश्वासन देते हैं, लेकिन चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त या अन्य प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार, टीकरमाफी चौकी क्षेत्र में अब तक आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

# 31 अगस्त को ऐतिहासिक शुरूआत, ट्रेन संचालन से पहले डीएम-एसपी ने परखी तैयारियां

संतोष मिश्रा/मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे रुपईडीहा क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। करीब 137 वर्ष पुरानी रेल विरासत सोमवार, 31 अगस्त को एक नए और आधुनिक दौर में प्रवेश करेगी, जब बहराइच-नेपालगंज रोड रेलखंड पर ब्रॉडगेज और विद्युतीकृत रेल सेवा का शुभारंभ होगा।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे, जबकि बहराइच के सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रहेगी। नेपाल सीमा के बिल्कुल करीब तक बड़ी रेल पहुंचने को सीमावर्ती क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है।यह केवल एक नई रेल सेवा की शुरूआत नहीं है, बल्कि दशकों से चली आ रही उस मांग के पूरा होने का अवसर है, जिसका इंतजार रुपईडीहा, नानपारा और आसपास के क्षेत्रों की जनता लंबे समय से कर रही थी। मुख्यमंत्री के आगमन और उद्घाटन समारोह को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और रेलवे विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन पहुंचकर कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, प्रवेश और निकास मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है।वहीं पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के अधिकारी भी उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्रीमती नीतू, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अरिजीत सिंह और वरिष्ठ मंडल अभियंता-द्वितीय अश्वनी तिवारी सहित रेलवे और परियोजना से जुड़े अधिकारी लगातार स्टेशन पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। नानपारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम निवास वर्मा ने भी स्टेशन पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन और बहराइच-नेपालगंज रोड रेलखंड का इतिहास भी काफी पुराना है।15 दिसंबर 1886 को इस रेलमार्ग पर रेल सेवा शुरू हुई थी। उस दौर में यह रेलखंड व्यापार



और माल परिवहन का महत्वपूर्ण माध्यम बना था और बाद में सीमावर्ती क्षेत्र के हजारों लोगों की जीवनरेखा बन गया। रिसिया, मटेरा, बाबागंज, नानपारा और रुपईडीहा क्षेत्र के लोग पीढ़ियों तक मीटरगेज की छोटी लाइन की ट्रेनों से सफर करते रहे।देशभर में रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण के दौरान इस रेलखंड को भी ब्रॉडगेज में बदलने का निर्णय लिया गया।फरवरी 2024 में करीब 56.15 किलोमीटर लंबे बहराइच-नेपालगंज रोड मीटरगेज रेलखंड पर पुरानी छोटी लाइन की ट्रेन ने अपनी अंतिम यात्रा पूरी की थी। उस समय लोगों के लिए यह भावुक क्षण था, क्योंकि पीढ़ियों से जुड़ी पुरानी रेल सेवा बंद हो रही थी, लेकिन इसके साथ ही आधुनिक ब्रॉडगेज रेल सेवा की उम्मीद भी शुरू हो गई थी।इसके बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने बहराइच-नेपालगंज रोड रेलखंड के आमान परिवर्तन और विद्युतीकरण का काम तेज गति से पूरा किया।करीब 56 से 57 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड के आमान परिवर्तन, विद्युतीकरण, स्टेशन विकास और अन्य रेल संरचनाओं पर लगभग 342 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। अब यह पूरा रेलखंड आधुनिक ब्रॉडगेज और विद्युत रेल नेटवर्क के रूप में तैयार हो चुका है।नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के बेहद करीब स्थित है, ऐसे में यहां तक बड़ी रेल पहुंचने से रुपईडीहा सहित नानपारा, रिसिया, मटेरा, बाबागंज, बहराइच और आसपास के क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा।रेल संपर्क मजबूत होने से व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलने, पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुविधा मिलने के साथ सीमावर्ती बाजारों के विस्तार की भी संभावना है। रेल सेवा शुरू होने के साथ नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से प्रारंभिक चरण में चार जोड़ी यानी आठ ट्रेनों के संचालन की तैयारी की गई है। इनमें वाराणसी के लिए एक्सप्रेस ट्रेनें और गोंडा के लिए यात्री सेवाएं शामिल हैं। प्रस्तावित समय-सारिणी के अनुसार नेपालगंज रोड से 14214 इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 4 बजे वाराणसी के लिए रवाना होगी।इसके अलावा 75110 गोंडा के लिए सुबह 8:20 बजे, 75112 गोंडा के लिए दोपहर 3:30 बजे तथा 15131 वाराणसी सिटी के लिए शाम 4:30 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं नेपालगंज रोड पहुंचने वाली ट्रेनों में 75109 गोंडा-नेपालगंज रोड सुबह 8 बजे, 15132 वाराणसी सिटी-नेपालगंज रोड सुबह 11:45 बजे, 75111 गोंडा-नेपालगंज रोड दोपहर 3 बजे और 14213 वाराणसी-नेपालगंज रोड इंटरसिटी रात 11 बजे पहुंचेगी।स्टेशन पर प्रदर्शित समय-सारिणी को लेकर स्थानीय यात्रियों में उत्साह दिखाई दे रहा है। उद्घाटन समारोह के अवसर पर नेपालगंज रोड से वाराणसी सिटी के लिए एक विशेष ट्रेन भी चलाई जाएगी। यह ट्रेन नानपारा, रिसिया, बहराइच, पयागपुर, गोंडा, बलरामपुर, तुलसीपुर, बढ़नी, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, आनंदनगर और गोरखपुर होते हुए वाराणसी सिटी पहुंचेगी। उद्घाटन यात्रा को लेकर सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है।रविवार को भी नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन पर लोगों की आवाजाही बढ़ी रही। विशेष ट्रेन में यात्रा करने की इच्छा लेकर बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पहुंच रहे हैं और यात्रा से संबंधित जानकारी ले रहे हैं। उद्घाटन विशेष ट्रेन में यात्रा करने के लिए यात्रियों को निशुल्क टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।इसकी जानकारी मिलते ही रविवार को नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रुपईडीहा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पहुंचकर मुफ्त टिकट प्राप्त कर रहे हैं, ताकि वे इस ऐतिहासिक उद्घाटन यात्रा का हिस्सा बन सकें।स्टेशन पर टिकट लेने पहुंचे लोगों में बड़ी रेल से पहली यात्रा करने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।वर्षों बाद नेपाल सीमा के करीब तक बड़ी रेल को दौड़ते देखने और उसमें सफर करने की उत्सुकता लोगों के चेहरों पर साफ दिखाई दे रही है। करीब 137 वर्ष पहले जिस रेलमार्ग ने सीमावर्ती क्षेत्र में यात्रा और व्यापार की नई शुरूआत की थी, अब वही रेलखंड आधुनिक ब्रॉडगेज और विद्युतीकृत नेटवर्क के रूप में नई पहचान के साथ सामने आ रहा है। सोमवार, 31 अगस्त को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे तो उसके साथ केवल एक नई रेल सेवा की शुरूआत नहीं होगी, बल्कि रुपईडीहा और पूरे सीमावर्ती क्षेत्र के विकास, व्यापार, संपर्क और नई संभावनाओं की रफ्तार को भी नई दिशा मिलेगी।मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।इसी क्रम में देवीपाटन मंडल के डीआईजी अशोक कुमार भी नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन परिसर, कार्यक्रम स्थल, वीआईपी मूवमेंट, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण किया। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

## शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं दिव्यांग

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अन्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15,000=00 एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू. 20,000=00 तथा यदि दम्पति (पति-पत्नी) दिव्यांग हैं तो रू. 35,000=00 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाने की व्यवस्था है।योजना हेतु ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ हो। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने समस्त बीडीओ व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अभ्यर्थियों के आवेदन पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सीडीओ श्री धनवंता ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र धारक ऐसे युवक जिनकी शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो।दम्पत्ति में कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, संयुक्त खाता, शादी कार्ड एवं विवाह के समय का संयुक्त फोटो आदि अभिलेख के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## बाबू भगवती चरण वर्मा की 123वीं जयंती पर विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। साहित्य जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले सफीपुर की माटी में जन्मे पद्मविभूषित साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की 123वीं जयंती पर अर्चना परिषद के तत्वावधान में मोटेश्वर मंदिर के समीप स्थित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, पत्रकारों और साहित्यप्रेमियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके साहित्यिक योगदान को याद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना परिषद के पूर्व प्रवक्ता दिवाकर द्विवेदी ने की। अर्चना परिषद के अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने मां सरस्वती एवं बाबू भगवती चरण वर्मा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि विनय विप्र ने मां सरस्वती की वंदना से काव्यपाठ की शुरूआत की।कवि शिवमूर्ति तिवारी ने बाबू भगवती चरण वर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके पिता देवी चरण वर्मा पेशे से अधिवक्ता थे और कानपुर के पटकापुर में रहते थे। बाद में परिवार सफीपुर आकर बस गया, जहां 30 अगस्त 1903 को बाबू भगवती चरण वर्मा का जन्म हुआ। उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रखा और समाचार पत्र के संपादक के रूप में भी कार्य किया। इसके बाद साहित्य सृजन को अपना प्रमुख कर्म बनाते हुए उन्होंने हिंदी साहित्य को अनेक कालजयी रचनाएं दीं।कवि शिवमूर्ति तिवारी ने कहा कि पत्रकार और साहित्यकार समाज के एक ही गुरु के दो शिष्य हैं। पत्रकार का दायित्व सत्य, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज की समस्याओं को सामने लाना तथा जिम्मेदार लोगों से जवाबदेही सुनिश्चित करना है, जबकि साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से संवेदना, जागरूकता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करता है। दोनों का उद्देश्य समाज को बेहतर दिशा देना और अन्याय व कुरीतियों के विरुद्ध जनचेतना जगाना है।कवयित्री डॉ. शशि रंजना ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया, जिस पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कवि रियाज सफीपुरी ने अपनी शायरी से श्रोताओं में उत्साह भर दिया।कवि सागर उन्नावी, शिवम राज सरोज, उमाशंकर यादव, विश्वनाथ तिवारी, प्रमोद कुशवाहा, कवयित्री आकांक्षा गुप्ता और श्रद्धा पाण्डेय सहित अन्य रचनाकारों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से साहित्यिक संध्या को यादगार बना दिया।कार्यक्रम का संचालन रोहित विश्वकर्मा ने किया।इस अवसर पर सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने कवि गोष्ठी में शामिल रचनाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा साहित्यकारों, कलमकारों और साहित्यप्रेमियों को सम्मानित किया।इस दौरान नागेंद्र सिंह सेंगर, शिवबालक सिंह, डॉ. संजीव अग्निहोत्री, विनोद मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता, भाजपा नेत्री कंचन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

## साइबर ठगी के 3 आरोपी गिरफ्तार, 75 शिकायतें थीं दर्ज

### सुल्तानपुर में लिंक भेजकर खातों से पैसे निकाले, लोन दिलाने के नाम पर खाते हथियाए

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , साइबर क्राइम टीम ने लिंक भेजकर लोगों के बैंक खातों से रुपये निकालने और लोन दिलाने के नाम पर खाते हासिल करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर 75 शिकायतें दर्ज हैं।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर को की गई।

#### मोबाइल बुक करने के लिए भेजा लिंक, खाते से उड़ाए 54 हजार

मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर कला निवासी इंद्रजीत वर्मा के बेटे रवि कुमार से जुड़ा है।रवि कुमार ने फेसबुक पर मिले एक लिंक के जरिए मोबाइल बुक किया था। मोबाइल की डिलीवरी के लिए उनसे रुपये मांगे गए और एक लिंक भेजा गया। पुलिस के अनुसार, लिंक पर क्लिक करते ही रवि कुमार का मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से कई बार में कुल 54,597 रुपये निकाल लिए गए। मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।लोन का झांसा देकर हासिल करते थे बैंक खातेजांच में पता चला कि आरोपी लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उनके बैंक खाते हासिल करते थे। इसके बाद इन खातों का इस्तेमाल बाहरी कंपनियों की मदद से कटिंग, ट्रेडिंग, कॉरपोरेट, गेमिंग और सट्टा ऐप से जुड़े लेनदेन के लिए किया जाता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर कुल 75 शिकायतें दर्ज हैं।तीन आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल और चेकबुक बरामदसाइबर क्राइम टीम ने 26 अगस्त को धीरज कुमार पांडेय निवासी बहरौली, कुतुबपुर, धम्मौर, आनंद राज वर्मा निवासी सहसमलपुर, दुल्लापुर, दोस्तपुर और शैलेश कुमार वर्मा निवासी डोमनपुर, बगियागांव चौराहा, जयसिंहपुर को गिरफ्तार किया।

## मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल का वाद मुक्त देवीपाटन

### सामुदायिक मध्यस्थता एवं आपसी सहमति से 330 ग्राम हुए वाद-मुक्त

#### संवाद से समाधान, ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

#### 769 वादों का हुआ संवाद से समाधान

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में देवीपाटन मण्डल में संचालित वाद-मुक्त देवीपाटनरू संवाद से समाधान अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विवादों का स्थानीय स्तर पर आपसी संवाद एवं सहमति से समाधान कराया जा रहा है। अभियान के देवीपाटन मण्डलअंतर्गत चयनित 500 ग्रामों में से 330 ग्रामों को वाद-मुक्त घोषित किया जा चुका है,वहीं सामुदायिक मध्यस्थता एवं आपसी सहमति द्वारा अब तक 769 वादों का हुआ संवाद से समाधान मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपदों की 16 तहसीलों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मण्डल के सभी ग्रामपंचायत स्तर पर सिविल, राजस्व एवं सामुदायिक प्रकृति के विवादों का गाँव स्तर पर ही संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से उभय पछो का आपसी सहमति से समाधान कराना है, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत मिले तथा समय एवं धन की बचत हो रही है। यह अभियान प्रत्येक चयनित ग्राम में लेखपाल, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, महिला प्रतिनिधि एवं ग्राम के वरिष्ठ सदस्य को शामिल करते हुए पाँच सदस्यीय सामुदायिक मध्यस्थता पैनल गठित किया गया है।ग्राम पंचायत भवन अथवा सार्वजनिक स्थल पर मध्यस्थता केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा प्रक्रिया की निगरानी के लिए नायब तहसीलदार अथवा तहसीलदार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

#### जनपदवार प्रगति

जनपद गोण्डा में 82 ग्राम वाद-मुक्त हुए हैं तथा 167 विवाद प्राप्त हुए। बलरामपुर में 86 ग्राम वाद-मुक्त हुए तथा 237 विवाद प्राप्त हुए।बहराइच में सर्वाधिक 109 ग्राम वाद-मुक्त घोषित किए गए तथा 141 विवाद प्राप्त हुए।श्रावस्ती में 53 ग्राम वाद-मुक्त हुए तथा 224 विवाद समाधान किया जा रहा है।मध्यस्थता के माध्यम से मुख्य रूप से चकमार्ग, आबादी के रास्ते, नाली, बंटवारा, वरासत एवं सीमा/सरहद से संबंधित विवादों का समाधान कराया जा रहा है। विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक बैठकें, स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन की कार्यवाही लगातार की जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य शेष ग्रामों में भी मध्यस्थता प्रक्रिया को पूर्ण कर सम्पूर्ण देवीपाटन मण्डल को वाद-मुक्त मण्डल के रूप में स्थापित करना है। इस पहल से ग्रामीणों को त्वरित एवं सहमति आधारित समाधान मिलने के साथ-साथ न्याय व सामाजिक सौहार्द और आपसी विश्वास को भी मजबूती मिल रही है।

## पूर्ति निरीक्षक पर भ्रष्टाचार का आरोप

### एक ही तहसील क्षेत्र में 3 साल से तैनाती, बहुजन अधिकार सेना ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, कादीपुर और दोस्तपुर तहसील क्षेत्रों में तैनात पूर्ति निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह पर भ्रष्टाचार, पक्षपात और पदीय दायित्वों के निर्वहन में अनियमितता के गंभीर आरोप लगे हैं। बहुजन अधिकार सेना ने इस मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है।संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अशोक कुमार तिलकाधारी गौतम ने डीएम को संबोधित एक मांगपत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्ति निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह कादीपुर तहसील क्षेत्र में लगभग तीन वर्ष और दोस्तपुर तहसील क्षेत्र में करीब दो वर्ष से लगातार एक ही स्थान पर तैनात हैं। बहुजन अधिकार सेना का आरोप है कि इतने लंबे समय तक एक ही संवेदनशील विभाग में पदस्थ रहने से पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। यह स्थिति शासन की स्थानांतरण नीति का उल्लंघन मानी जा रही है।संगठन ने दुकानों के आवंटन में धांधली का भी आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करते हुए मनपसंद और चहेते व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दुकानें आवंटित की जा रही हैं। बहुजन अधिकार सेना ने राशन कार्डों की भी विस्तृत जांच की मांग की है। इसमें फर्जी नाम हटाने या जोड़ने, निरस्तीकरण, स्टॉक सत्यापन और ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच शामिल है, ताकि पात्र लाभार्थियों को उनका हक मिल सके। इसके अतिरिक्त, संगठन ने पूर्ति निरीक्षक द्वारा अपने या परिजनों के नाम पर अर्जित की गई आय से अधिक संपत्ति और विभागीय नियमों के विरुद्ध किए गए कार्यों की भी पारदर्शी जांच की मांग की है। संगठन ने जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी को वर्तमान तैनाती स्थल से तत्काल हटाने की मांग की है।

## ग्राम बहादुरिया की घटना हिंसक वन्य जीव द्वारा कारित नहीं: डीएफओ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम बहादुरिया, पुरवा-खोजोवा, थाना-हरदी, विकास खण्ड व तहसील-महसी, जिला-बहराइच के निवासी वीरेन्द्र की पुत्री जानवी, उम्र लगभग 01 वर्ष दिनांक 29 अगस्त 2026 की रात्रि लगभग 9.00 बजे घर के बाहर ऑगन में खुले में चारपाई पर सो रही थी (आसपास बाउड्री व घर में दरवाजा नहीं था)। बच्ची की मॉ कुछ दूर पर खाना बना रही थी तभी बच्ची के रोने की आवाज सुनकर वह पास गयी तो देखा कि बच्ची के सर से खून आ रहा है।बच्ची की माँ द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा मौके पर किसी जानवर को नहीं देखा गया और न ही मौके पर किसी जानवर के पगमार्क मिले। उन्होनें बताया कि मॉ के कथनानुसार कुत्तों के भौकने की आवाजे आ रही थी। बच्ची का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, महसी में कराया गया।तदोपरान्त चिकित्सक द्वारा बच्ची को जिला चिकित्सालय, बहराइच भेजा गया।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची तथा पगमार्क की खोजबीन प्रारम्भ किया। खोजबीन के पश्चात्वन विभाग की टीम को भी आस-पास किसी हिंसक वन्य जीव के पगमार्क नहीं दिखाई दिये।पूर्व में उक्त क्षेत्र भेड़िया के हमले से प्रभावित रहा है जिसके दृष्टिगत क्षेत्र में लगातार गठित गश्ती टीमों द्वारा दिवारात्रि गश्त करते हुए निगरानी की जा रही है।इससे पूर्णतः स्पष्ट है कि उक्त घटना हिंसक वन्य जीव द्वारा कारित नहीं की गयी है।

## नाली के विवाद में अधेड़ पर कुल्हाड़ी-चाकू से हमला

### जेब से मोबाइल और 360 रुपए छीनने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , बाघराय थाना क्षेत्र के सहकारदा खास गांव में नाली साफ करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि पड़ोसियों ने एक अधेड़ पर कुल्हाड़ी और चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। दोपहर करीब 1 बजे वह एसपी कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी को दिए शिकायती पत्र में जमुना प्रसाद हरिजन ने बताया कि घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे की है। वह अपने घर के पास नाली साफ कर रहा था। इसी दौरान आरोप है कि शकरदहा पश्चिम पट्टी निवासी विपिन सरोज पुत्र रामचंदर सरोज और साहिल सरोज पुत्र मंजय सरोज वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। कुल्हाड़ी के वार से बेहोश होने का आरोप जमुना प्रसाद का आरोप है कि दोनों ने कुल्हाड़ी और चाकू से उस पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। आरोप है कि इसके बाद उसकी जेब से मोबाइल फोन और 360 रुपए भी निकाल लिए गए। परिजनों ने पहुंचकर कराया बीच-बचाव शोर सुनकर जमुना प्रसाद के परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पीड़ित परिवार के साथ बाघराय थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। एसपी से सुरक्षा और सख्त कार्रवाई की मांग पीड़ित का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

# सिपाही को धमकाया- जहां रहते हो, वहीं हो जाएगी हत्या

## प्रयागराज में साइबर ठग ने पत्नी का रिश्तेदार बनकर फोन किया, 45 हजार उड़ाए

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,साइबर ठगों ने रिजर्व पुलिस लाइन में रहने वाले सिपाही को रिश्तेदार बनकर फोन किया। खाते में रकम भेजने और अस्पताल में भर्ती परिजन के इलाज के लिए पैसे की जरूरत का बहाना बनाकर ठगी का प्रयास किया। सिपाही ने ठग की बात मानने से इनकार कर दिया और फोन काट दिया। इसके कुछ ही देर बाद उनके एसबीआई खाते से 45 हजार रुपये निकल गए। रकम कटने के बाद सिपाही ने आरोपी को फोन किया तो उसे हत्या की धमकी दी गई। मामले में



कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पति-पत्नी दोनों पुलिस विभाग मेंपीड़ित धनंजय चौहान रिजर्व पुलिस लाइन, प्रयागराज में अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी प्रयागराज पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। तहरीर के मुताबिक, 2 जनवरी को शाम करीब चार बजे धनंजय के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को उनका रिश्तेदार बताया और पहले हालचाल पूछा।

खाते में पैसे भेजने का बनाया बहाना आरोपी ने धनंजय से कहा कि उसके खाते की लेनदेन सीमा पूरी हो चुकी है, इसलिए वह उनके खाते में पैसे भेजना चाहता है। इसके बाद उसने बताया कि उसका एक परिजन अस्पताल में भर्ती है और दवा के लिए तत्काल पैसों की जरूरत है। आरोपी ने कहा कि वह क्रेडिट कार्ड से धनंजय के खाते में रकम भेज रहा है और उन्हें फोनपे खोलकर ट्रांजेक्शन की पुष्टि करनी होगी। धनंजय को बातचीत संदिग्ध लगी और उन्होंने आरोपी की बात मानने से इनकार करते हुए फोन काट दिया।

# 75 साल के बुजुर्ग ने गंगा में लगाई छलांग

## एसडीआरएफ के जवानों ने रेस्क्यू किया, लाइव वीडियो सामने आया

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , फाफामऊ पुल से रविवार दोपहर करीब 12 बजे 75 वर्षीय बुजुर्ग ने गंगा में छलांग लगा दी। पुल से गुजर रहे राहगीरों ने बुजुर्ग को नदी में गिरते देखा तो शोर मचाकर मदद के लिए आवाज लगाई। उस समय नदी में मौजूद एसडीआरएफ के जवानों ने तत्काल मोर्चा संभाला और तेज बहाव के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।बीमारी से परेशान थे पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग की पहचान कीडगंज निवासी के रूप में हुई है। शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि वह लंबे समय से बीमारी से परेशान थे। इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाने का प्रयास किया।घटना के बाद पुलिस ने



परिजनों को सूचना दी और बुजुर्ग को उनके सुपुर्द कर दिया। तेज बहाव में बहने लगे थे बुजुर्ग इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि पुल के पास काम कर रहे एक राहगीर ने घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में बुजुर्ग गंगा के तेज बहाव में बहते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान एसडीआरएफ के जवान उन्हें बचाने के लिए नदी में उतरते हैं और काफी मशक्कत के बाद बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाल लेते हैं। राहगीरों के शोर मचाने के बाद एसडीआरएफ जवानों के तत्काल सक्रिय होने से बुजुर्ग की जान बच सकी। तेज बहाव के बावजूद जवानों ने जिस तरह से रेस्क्यू किया।

## संक्षेप

### पुलिस मुठभेड़ में दो फरार लुटेरे गिरफ्तार

**पैर में गोली लगी; हथियार और नकदी बरामद, अस्पताल में कराया गया भर्ती**

बागपत , सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मेरठ निवासी जीशान और जावेद के रूप में हुई है। दोनों सिंघावली अहीर क्षेत्र में परविंदर पुत्र बाबूराम के साथ हुई लूट की वारदात में शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे, कारतूस और लूटी गई नकदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि दोनों बदमाश लूट के बाद से फरार चल रहे थे। आशंका है कि वे किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। घायल दोनों आरोपियों का अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है रुकने के बजाय बाइक की रफ्तार बढ़ाईपुलिस टीम गुरुवार देर रात सिंघावली अहीर क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी।पुलिस ने पीछा करते हुए घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।दो तमंचे और कारतूस बरामदगिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस बरामद नकदी को लूट की घटना से जोड़कर जांच कर रही है। लूट की वारदात के बाद चल रहे थे फरारपुलिस के अनुसार, जीशान और जावेद सिंघावली अहीर क्षेत्र में परविंदर पुत्र बाबूराम से हुई लूट की घटना में शामिल थे। वारदात के बाद से दोनों पुलिस की पकड़ से बाहर थे। पुलिस अब उनके आपराधिक रिकॉर्ड और पूर्व की अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। अस्पताल में कराया गया भर्तीसीओ सुकन्या शर्मा ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई थी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

### युवक ने खुद को गोली मारी

**दिल्ली ले जाते वक्त रास्ते में मौत, व्हाट्सएप स्टेटस पर लिखा था- 'मेरी मौत का जिम्मेदार मैं खुद हूं'**

बागपत , रटौल कस्बे में गुरुवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 24 वर्षीय युवक ने खुद को गोली मार ली। परिजन उसे तुरंत दिल्ली के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रटौल निवासी समरान (24) पुत्र इसरत के रूप में हुई है। वह पेशे से चालक (ड्राइवर) था। कमरे से आई गोली चलने की आवाज परिजनों के मुताबिक, शाम को अचानक कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब वे भागकर अंदर पहुंचे, तो समरान खून से लथपथ हालत में पड़ा था।

# बाइक चोर की खोजबीन में जुटा प्रशासन फोटो हुई वायरल



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर ,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र कस्बे अंतर्गत विगत दिवस 26 अगस्त को चंदागली निवासी नागरिक मन्नूलाल पुत्र रामअवतार के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात चोर ने फरार कर दी जहां पीड़ित द्वारा नजदीकी थाने में तहरीर दी गई तथा पुलिस प्रशासन ने खोजबीन प्रारंभ की आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर बाइक चोर की फोटो निकाल कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई है वहीं प्रशासन इस मामले को संज्ञान में लेकर कड़ी मुस्तैदी दिखा रहा है थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि जल्द ही चोर प्रशासन के हाथों में होगा तथा पीड़ित की बाइक की खोजबीन की जाएगी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फोटो निकालकर प्रशासन जल्द ही पर्दा फाश करने का पूर्ण प्रयास कर रहा है

# अखिलेश यादव के आपत्तिजनक पोस्टर पर सियासत

## 20 फीट पोल पर चढ़कर हटाए पोस्टर, सपा नेता बोले- भाजपा बौखलाई

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , परतापुर क्षेत्र में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जुड़े आपत्तिजनक पोस्टर लगाए जाने के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने इसे राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि अखिलेश यादव की छवि खराब करने की साजिश बताया है और इसके पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया है। जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक रात सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे और करीब 20 फीट ऊंचे पोल पर चढ़कर पोस्टर हटाए। सम्राट के मुताबिक, रात करीब 11 बजे उन्हें परतापुर में पोस्टर लगाए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर बड़ी संख्या में पोस्टर मिलने के बाद पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें हटाया। सपा नेताओं का कहना है कि इसी तरह के पोस्टर बागपत और हापुड़ में भी लगाए गए हैं। मामले में डीएम को लिखित शिकायत दी गई है और नगर निगम के पोल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगालकर पोस्टर लगाने वालों की पहचान करने की मांग की गई है। रात में सूचना मिली,




मौके पर पहुंचे सपा नेतासम्राट मलिक ने बताया कि रात करीब 11 बजे फोन पर उन्हें परतापुर क्षेत्र में अखिलेश यादव से संबंधित आपत्तिजनक पोस्टर लगाए जाने की जानकारी मिली। उन्होंने स्थानीय लोगों से इसकी पुष्टि की और पोस्टर देखे। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। वहां कई पोल पर पोस्टर लगे हुए थे। सपा नेताओं को बाद में जानकारी मिली कि बागपत और हापुड़ में भी इसी तरह के पोस्टर लगाए गए हैं। सम्राट का कहना है कि अलग-अलग जिलों में इस तरह बड़े स्तर पर पोस्टर लगना सामान्य राजनीतिक विरोध नहीं हो सकता।

### सपा की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा बौखलाई

सम्राट मलिक ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा की बढ़ती लोकप्रियता और आगामी चुनाव में सत्ता जाने के डर से भाजपा में बौखलाहट बढ़ रही है। उनका आरोप है कि विकास और रोजगार जैसे मुद्दों पर बात करने के बजाय अब इस तरह की राजनीति की जा रही है।उन्होंने कहा कि किसी नेता की छवि खराब करने के लिए आपत्तिजनक पोस्टर लगाना राजनीतिक विरोध का तरीका नहीं है।

इसे उन्होंने तुच्छ मानसिकता का प्रमाण बताया।

# साली से छेड़छाड़ करना जीजा को पड़ा महंगा मुकदमा दर्ज




अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर,जनपद के बिंदकी कोतवाली अंतर्गत एक मोहल्ला निवासी युवक ने रिश्ते में लगने वाली साली से मजाक के साथ-साथ छेड़छाड़ किया जहां विरोध करने पर जीजा ने साली के साथ मारपीट की तथा युवती ने मुकदमा दर्ज कराया मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक तथा 19 वर्षीय युवती एक मोहल्ले में रहते हैं दोनों रिश्ते में आपस में जीजा साली लगते हैं रिश्ते में लगने वाले जीजा ने साली से छेड़छाड़ की ने जिसका विरोध किया तो आरोपी जीजा ने युवती के साथ जमकर मारपीट की वही युवती ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़कर आए तब तक कथित जीजा भाग खड़ा हुआ मोहल्ले के नागरिकों ने उसे पकड़ने का काफी प्रयास किया परंतु असफल रहे पीड़ित की मां ने नजदीकी थाना कोतवाली में पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई वहीं प्रशासन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी की तलाश जारी है

# नंदकिशोर गुर्जर बोले- अखिलेश पर चल रही राहु की महादशा

## 2032 तक जो बोलेंगे, उसका उल्टा असर होगा; 2027 में सपा को एक भी सीट नहीं मिलेगी

अमन लेखनी समाचार

लोनी,गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पर राहु की महादशा चल रही है और वर्ष 2032 तक वह जो भी बोलेंगे, उसका उल्टा ही असर होगा। विधायक ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी को पूरी तरह नकार देगी और प्रदेश में सपा को एक भी सीट नहीं मिलेगी। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि जनता अब उन नेताओं को पसंद करती है, जो जमीन पर रहकर लोगों के बीच काम करते हैं और उनकी समस्याओं को समझते हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और चुनाव के दौरान अपने वोट के जरिए इसका जवाब देगी। समाज को बांटने की राजनीति भाजपा विधायक ने अखिलेश यादव पर अलग-अलग समाजों और समुदायों को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का



आरोप लगाया। उन्होंने जाट, गुर्जर, राजभर और ब्राह्मण समाज से जुड़े मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि सपा की राजनीति समाज को जोड़ने के बजाय बांटने की दिशा में जा रही है। करने वाली राजनीति ज्यादा समय तक नहीं चल सकती। साथ ही अखिलेश यादव को धार्मिक स्थलों और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर खुलकर बयान देने की चुनौती दी। जयंत चौधरी के परिवार पर भी टिप्पणी नंदकिशोर गुर्जर ने राष्ट्रीय लोकदल और जयंत चौधरी के परिवार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के दादा चौधरी चरण सिंह की वजह से मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री बने थे। इसी दौरान उन्होंने मुलायम सिंह यादव पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर चौधरी चरण सिंह का समर्थन नहीं होता तो मुलायम सिंह यादव कहीं सड़क किनारे पंचर लगा रहे होते। विधायक के इस बयान के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

# भाजपा नेता के होटल में छापेमारी

## इंटर की छात्रा से दुष्कर्म, दो युवक और एक युवती गिरफ्तार, फर्जी आधारकार्ड लगाकर भगाने का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , भावनपुर थानाक्षेत्र के यू पॉकेट में भाजपा नेता अमन फौजी के निशांत होटल में हिंदू किशोरी को मुस्लिम बताकर फर्जी आधारकार्ड लगाकर मुस्लिम युवकों के साथ भेजने का मामला सामने आया है। हुई इस घटना की जानकारी बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को हुई। मौके पर पहले बजरंग दल कार्यकर्ता पहुंचे उन्होंने होटल में छापामारा और हंगामा कर दिया। सूचना पर भावनपुर थानापुलिस भी मौके पर पहुंची। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके से दो नाबालिग किशोरियों और दो मुस्लिम युवकों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि एक लड़की हिंदू है लेकिन होटल में उसका मुस्लिम आधारकार्ड लगा था जो पूरी तरह फर्जी था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर होटल को सील कर दिया। साथ ही पीड़िता की मां की तरफ से बेटी के साथ गैर समुदाय के युवकों द्वारा रेप करने का आरोप लगाया गया। मां की



तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने 3 लोगों को अरेस्ट कर लिया।

### पुलिस ने मौके से समीर, तालिब को अरेस्ट किया है

खरदौनी गांव के दो युवकों ने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर स्कूल जा रही इंटर की छात्रा को किडनैप किया और भावनपुर के निशांत होटल में लाकर दुष्कर्म किया आरोप है जब इसकी जानकारी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को हुइ वों मौके पर हंगामा करने लगे तो होटल स्टाफ ने उनके साथ बदत्तमीजी कर दी। सूचना पर दो थानों की पुलिस पहुंची और आरोपियों व पीड़ित छात्रा को थाने लाया गया। भावनपुर थाना पुलिस ने दोनों युवक व युवती सहित होटल संचालक के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो में प्राथमिकी दर्ज की है। मां ने दी तहरीर रेप का आरोप लगाया इंचौली क्षेत्र के एक गांव निवास महिला ने भावनपुर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी इंटर की छात्रा है। सुबह स्कूल जाने के लिए निकली। तभी खरदौनी निवासी समीर और तालिब ने अपनी दोस्त सुमायला के साथ मिलकर कार से उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। आरोप है कि तीनों उसे भावनपुर थाना क्षेत्र के गंगानगर एक्सटेंशन स्थित होटल निशांत रेजीडेंसी ले आए। आरोप है छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। दूसरे समुदाय के युवकों के साथ युवती होने की सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ता होटल पहुंच गए।


### लवजेहाद की मिली थी सूचना

विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री बंटी बजरंगी द्वारा बताया गया कि उनको सूचना मिली थी कि इस होटल में लवजेहाद का मामला चल रहा है।जहां मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू लड़कियों को होटल में लाया गया। जिसके बाद जब उनके कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। कार्यकताओं ने होटल स्टाफ से रजिस्टर दिखाने को कहा।

# नोएडा में तीन लोगों से ठगे 19 लाख

## ऑनलाइन मॉल खरीदने, एपीके फाइल और इन्वेस्टमेंट के नाम पर की गई ठगी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , साइबर ठगों ने आनलाइन माल खरीदने, एपीके फाइल डाउनलोड कराकर और इन्वेस्टमेंट के नाम पर तीनों लोगों से 19 लाख रुपये ठग लिए। माल नहीं मिलने, रकम नहीं लौटने और मोबाइल पर मैसेज आने पर पीड़ितों को ठगी होने का पता चला। पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में बुधवार को मामले दर्ज कराए हैं।केस- ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रहने वाले दिलीप कुमार कारोबारी हैं। उन्होंने हाइड्रोलिक उपकरण खरीदने के लिए इंटरनेट मीडिया पर जानकारी ली थी। इसी बीच ठग ने सप्लायर बनकर फोन किया। उन्होंने नौ मई को हाइड्रोलिक उपकरण का आर्डर कर दिया था। ठग ने एयरपोर्ट पर माल पहुंचने की जानकारी दी। इसके एवज में पांच लाख रुपये ट्रांसफर कराकर लिए, लेकिन सप्ताह बाद भी माल नहीं आया। ठग को फोन बंद कर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल नंबर बंद आया। वह समझ गए कि आर्डर लेने वाला सप्लायर नहीं बल्कि ठग था। केस-दादरी में रहने वाले प्रिय रंजन एनटीपीसी के रिटायर्ड कर्मी हैं। ठगों ने उनसे आइजीएल बिल के रूप में एपीके फाइल डाउनलोड करा ली। ठगों ने मोबाइल का एक्सेस प्राप्त कर लिया। मोबाइल हैक कर 10 जुलाई को उनके खाते से छह लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए।

# हत्यारोपी इंजीनियर को नोएडा लाने में बढ़ा पुलिस का इंतजार

## असम की युवती को चाकू से गोदकर की हत्या, 10 अगस्त को मिली थी कमरे में लाश

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, असम निवासी युवती महक की हत्या करने वाले इंजीनियर को बी वारंट पर बिहार से नोएडा लाने का प्रयास कर रही पुलिस का इंतजार बढ़ गया है। 26 अगस्त को कोर्ट में हुई सुनवाई पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। अब 10 सितंबर को कोर्ट में सुनवाई होगी। इंजीनियर पर सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के बरौला गांव में युवती की हत्या करने का आरोप है। असम से बिना बताए आई थी असम के जिला डिब्रूगढ़ की रहने वाली महक अहमद 20 जुलाई को घर से बिना बताए अपनी सहेली संजना के साथ भागकर नोएडा आई थी। दोनों नौकरी के तलाश में थीं। बरौला गांव के एक पीजी में दोनों रहने लगीं। पड़ोस के कमरे में रहने वाले इंजीनियर रमन राज से महक की जान पहचान हो गई थी। आठ अगस्त की रात दोनों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि रमन ने चाकू से ताबड़तोड़ वार करके महक की अपने ही कमरे में हत्या कर दी। 10 अगस्त को मिली लाशअगले दिन सुबह रमन अपने कमरे का बाहर से ताला बंद कर भाग गया था। 10 अगस्त को बदबू आने पर हत्या



की जानकारी मिली थी। पीजी संचालक सार्थक बंसल ने सेक्टर-49 थाने में मामला दर्ज कराया था। तब से पुलिस पेशे से इंजीनियर रमन राज को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। बिहार में शराब तस्करी में किया था सरेंडर घटना के बाद रमन अपने गृह जनपत बिहार के जिला कटिहार पहुंच गया। वहां शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तारी दे दी।

# 910 किलो पनीर , 160 किलो मिठाई नष्ट

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने 40 नमूने लिए, 100 किलो बूंदी जब्त की

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर , जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मद्देनजर अभियान चलाया है। इस दौरान कुल 40 खाद्य पदार्थों के नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अभियान के तहत अब तक 910 किलो पनीर, 160 किलो मिठाई और 125 किलो अन्य खाद्य सामग्री नष्ट की गई है, जबकि 100 किलो बूंदी जब्त की गई है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि की रात खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओ.पी. सिंह और महेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने जेवर टोल प्लाजा पर विष्णु मिल्क प्रोडक्ट्स, हाथरस के पनीर वाहन से एक नमूना लिया। रबूपुरा, जेवर



तहसील के अंतर्गत निवासी तंजीम के वाहन से टोफू का एक नमूना लेकर लगभग 125 किलोग्राम टोफू नष्ट कराया गया। इसी प्रकार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार और विजय बहादुर की टीम ने अजय डेरी, इगलास, अलीगढ़ के पनीर वाहन से एक नमूना लिया। अर्श डेरी, दनकौर, ग्रेटर नोएडा के लिए दिल्ली से मेवात निर्मित बाइक से लाए जा रहे लगभग 60 किलोग्राम पनीर से एक नमूना लेकर शेष को नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर बहादुर सरोज की टीम ने भंगेल, नोएडा स्थित अग्रवाल स्वीट से पनीर का एक नमूना लिया।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## जुए के फड़ पर पुलिस की छापेमारी, तीन गिरफ्तार




**अमन लेखनी समाचार**

ककरवई, झांसी। थाना ककरवई पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम ककरवई में जुए के फड़ पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा पीयूष कुमार पांडेय के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में दामोदर , विनोद कुमार ,निवासी ग्राम कैरौखर तथा मान सिंह निवासी ग्राम सैंगुवा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते तथा 3,700 रुपये मालफड़ और तलाशी में 1,700 रुपये, कुल 5,600 रुपये बरामद किए। मौके से एक आरोपी कल्याण सिंह निवासी ग्राम सैंगुवा फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। मामले में थाना ककरवई में मु0अ0सं0 56/2026 पंजीकृत किया गया।

## दृष्टि की बैठक में विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा, प्रत्येक पात्र परिवार तक मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश

**सम्पर्क मार्ग एवं विद्युतीकरण कार्यों की तकनीकी टीम करेगी जांच, निर्माण कार्यों के नियमित स्थलीय निरीक्षण पर जोर**

**मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच के निर्देश, अनधिकृत नारकोटिक दवाओं की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश**




**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जनपद में संचालित विकास योजनाओं को धरातल पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूरा कराने को लेकर शनिवार को विकास भवन में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति ह्यदृष्टिह्न की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग संजीव कुमार गोड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री जी ने कहा कि विकास कार्यों की सार्थकता तभी है, जब वे समय से पूरे हों और उनकी गुणवत्ता लंबे समय तक जनता के उपयोग के अनुरूप बनी रहे। निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देश केवल कार्यवाही तक सीमित न रहें, बल्कि उनका प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए। निर्देशों के अनुपालन एवं कार्यों की प्रगति की अगली बैठक में पुनः समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। जनपद में आवास योजना के लिए पात्र परिवारों का नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से चयन सुनिश्चित करते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्रता की जांच पूरी गंभीरता से की जाए, जिससे कोई भी पात्र परिवार आवास की सुविधा से वंचित न रहने पाए। जनपद में कराए जा रहे सम्पर्क मार्गों एवं विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा के दौरान राज्य मंत्री ने गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं नियमित निरीक्षण करें तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही कार्य कराए जाएं।

**खास समाचार**

## दहेज की मांग को लेकर महिला से मारपीट, पति सहित तीन पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदरवारा खुर्द निवासी महिला ने पति व ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 18 जनवरी 2025 को अभिषेक पटेल पुत्र सूरज पटेल निवासी ग्राम बिजौली, थाना प्रेमनगर, झांसी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, सास और ससुर द्वारा अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये नकद और चार पहिया वाहन की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट व गाली-गलौज की जाती थी तथा जान से मारने की धमकी दी जाती थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति अभिषेक पटेल, ससुर सूरज पटेल और सास मालती के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 351(3) व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओबरा पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा मु0न0 379/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों 01. शनि पुत्र राजकुमार, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, 02.रामचन्द्र पुत्र रामनाथ, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र को दिनांक 29.08.2026 समय 13.50 बजे ग्राम खैरटिया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

## शक्तिनगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0-161/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## बिट्टू के तीन साल पूरे होने पर समाजसेवा की पहल, बच्चों को बांटी टॉफी और विद्यालय को भेंट किया सीलिंग फैन

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर। बिट्टू के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर उनके परिवार ने जन्मदिन को समाजसेवा से जोड़ते हुए एक सराहनीय पहल की। समृद्धि जन कल्याण संस्थान द्वारा संचालित गांधी धाम स्थित समृद्धि ज्ञान ज्योति विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के लिए एक सीलिंग फैन भी भेंट किया गया।

## शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रेम-प्रसंग में पति की हत्या की घटना का 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

**पत्नी, प्रेमी सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**हत्या के बाद शव को सड़क किनारे ले जाकर सड़क दुर्घटना का रूप देने का किया गया था प्रयास।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा संदिग्ध सड़क दुर्घटना के रूप में सामने आई हत्या की घटना का महज 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए पत्नी, उसके प्रेमी सहित 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है। घटना दिनांक थाना शक्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत बीना स्टेडियम/जमशीला के पास रमाशंकर मिश्रा पुत्र रामयश मिश्रा, निवासी बीना कॉलोनी, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, जो एनसीएल बीना में सीनियर ओवरमैन के पद पर कार्यरत थे, का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पाया गया था। प्रारम्भ में घटना सड़क दुर्घटना प्रतीत हो रही थी, किन्तु घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध पाए जाने पर थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा तत्काल गहनता से जांच प्रारम्भ की गई। उक्त संबंध में मु0अ0सं0 162/2026 धारा 103(2)/238 बीएनएस, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा घटनास्थल की परिस्थितियों, तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल, लोकेशन एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों का गहन परीक्षण करते हुए घटना की प्रत्येक कड़ी को जोड़ा गया। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी विवेचनात्मक कार्रवाई के परिणामस्वरूप मुकदमा पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर ही घटना का सफल अनावरण किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि मृतक की पत्नी प्रियंका मिश्रा का विकास चौहान के साथ काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

## मीरा मोहन सी प्रीत लिख देना, सबके अधरों पे गीत लिख देना

**सोनभद्र शहर में पावस उमा महेश्वर काव्य संध्या में एक से बढ़कर एक गीत सुनाए गए**

**सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ भव्य आयोजन।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वावधान में पावस उमा माहेश्वर काव्य संध्या का आयोजन शनिवार शाम शहर में किया गया, जिसमें एक से बढ़कर एक गीत सुनाया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अजय चतुर्वेदी कक्का ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सरदार कमलेश सिंह खांबे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि कवि दिवाकर द्विवेदी मेघ रहे। वाणी वंदना पश्चात निदेशक शहीद स्थल प्रबंध समिति करारी प्रदुम्न त्रिपाठी ने मीरा मोहन सी प्रीत लिख देना सबके अधरों पे गीत लिख देना, श्रृंगार की रचना सुनाकर वाहवाही लूटी। सुशील मिश्रा ने भोले बाबा को समर्पित पूर्वी सुनाकर गतिज उर्जा दिये सराहे गये। सुधाकर पांडेय स्वदेशप्रेम ने, जनाजा जब मेरा निकले वतन के वास्ते निकले सुनाया। कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने आपस में नफरत आपस में तकरार, मानव जीवन की है, सबसे बड़ी हार सुनाया। कवयित्री दिव्या राय ने , भर आती है आंख माँ की उदासी देखकर सुनाकर पीड़ा को स्वर दिया। दयानंद दयालू ने पावस को समर्पित कजली सुनाया। धर्मेश चौहान ने बड़ा ही सुंदर बड़ा ही मनहर अपना हिंदुस्तान सुनाया।अशोक तिवारी ने संचालन करते हुए, लानत है ऐसे रहनुमाओं पर जिसने लिया सिर्फ लिया दिया कुछ नहीं सुनाकर तंज कसा। अध्यक्षता करते अजय चतुर्वेदी कक्का ने अपनी रचना हुए स्वार्थ की बलि वेदिका पर देश को चढ़ने न देगें जाति धर्म मजहब में देश को बंटने न देगें सुनाकर राष्ट्र आराधना किये। विशिष्ट अतिथि दिवाकर दिवेदी मेघ ने,घुमंतू कुत्ता घर का न घाट का, जहाँ जो मिल जाय पत्तल वहीं चाटे सुनाकर देर तक हंसाते रहे।

## उत्तर प्रदेश में पुलिस द्वारा वामपंथी कार्यकर्ताओं की व्यक्तिगत निगरानी के विरोध में वामदलों का प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। शनिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) , भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा ) के कार्यकताओं ने संयुक्त वामदल के बैनर तले कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर एक मांगपत्र महामहिम राज्यपाल को जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से भेजा। जहां वामदलों के नेताओं ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और स्थानीय अभिसूचना इकाई (एल०आई०यू०) द्वारा वामपंथी आंदोलन से जुड़े नेताओं व कार्यकताओं को धमकाकर उनका निजी डेटा मांगा जा रहा है। थानों से फोन कर, व्हाट्सएप संदेश भेजकर और प्रोफार्मा थमाकर आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट और बैंक खाते का विवरण, पारिवारिक वंशावली (फैमिली ट्री) और निजी संपर्कों की सूची, चल-अचल संपत्ति, वैध/अवैध व्यवसाय और संपत्ति विवाद, सोशल मीडिया प्रोफाइल, डिजिटल गतिविधियां और आपराधिक रिकॉर्ड जैसी संवेदनशील जानकारियां जबरन जुटाने का दबाव बनाया जा रहा है। डेटा न देने की स्थिति में कार्यकताओं को गिरफ्तारी और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के इंटेलीजेंस द्वारा यह अवैध प्रक्रिया पूरे प्रदेश में जारी है। पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय द्वारा घोषित और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित 'निजता के मौलिक अधिकार' का खुला उल्लंघन है। राजनीतिक कार्यकताओं को अपराधी या आतंकवादी की तरह चिन्हित कर उनकी व्यक्तिगत जिंदगी में दखलंदाजी करना राज्य प्रायोजित तानाशाही है। उत्तर प्रदेश को एक 'सर्विलांस स्टेट' (निगरानी राज्य) में तब्दील करने की इस कोशिश की वामदलों ने कड़ी निंदा की है। ज्ञापन में वामपंथी दलों, जनसंगठनों के नेताओं-कार्यकताओं का निजी डेटा/विवरण (डोजियर) जुटाने की पुलिस प्रशासन की अलोकतांत्रिक कार्रवाई पर फौरन रोक लगाने, इसके लिए वामपंथी नेताओं-कार्यकताओं को धमकाना बंद करने, वाम दलों के कार्यकताओं और नागरिकों के निजता के अधिकार (राइट टू प्राइवेसी) की रक्षा व सम्मान किये जाने तथा जन अधिकारों की हिफाजत के लिए संघर्ष करने वाले वामपंथी कार्यकताओं को दमन का निशाना बनाना बंद करने की मांग की गई। प्रदर्शन में भाकपा जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, माकपा जिला मंत्री कामरेड नन्द लाल आर्य के साथ साथ कामरेड प्रेमनाथ, कामरेड पुरुषोत्तम, कामरेड रामबचन, कामरेड रामेश्वर विश्व कर्मा, कामरेड जग नरायन , कामरेड महेंद्र भारतीय, दुर्जन भारतीय व कामरेड श्याम नारायण आदि दर्जनों की संख्या कम्युनिस्ट कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 36.5 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**उड़ीसा के सम्भलपुर से बलिया ले जाया जा रहा था गांजा, स्कॉर्पियो से 37 बंडलों में बरामद हुआ मादक पदार्थ**

**बरामद गांजे की कीमत करीब 18 लाख और तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो की कीमत करीब 12 लाख रुपये।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन शुद्धि₹ के तहत थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करी का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 36.500 किलोग्राम अवैध गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये, तथा तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन, जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है, बरामद किया है। पुलिस के अनुसार कुल बरामदगी की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 28 अगस्त 2026 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी टीम द्वारा चन्द्रयान तिराहा, भण्डार खुर्द हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हिन्दुआरी की तरफ से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में संदिग्ध लोग आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो संख्या वढ32ल्दद1416 को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वाहन सवारों ने वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर करीब रात 10 बजे चारों आरोपियों को पकड़ लिया।

### स्कॉर्पियो की पिछली सीट के नीचे छिपाकर रखा था गांजा

पुलिस ने क्षेत्राधिकारी नगर की मौजूदगी में आरोपियों और वाहन की नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो की पिछली सीट के नीचे और पिछले हिस्से से 37 बंडलों में कुल 36.500 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे को तीन प्लास्टिक बोरियों में रखा गया था, जिनका वजन क्रमशः 12 किलोग्राम, 12 किलोग्राम और 12.500 किलोग्राम पाया गया। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 550 रुपये नकद और एक किया कार की चाबी भी बरामद की है। मामले में थाना रॉबर्ट्सगंज में मु0अ0सं0-721/2026, धारा 8/20/27अ/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


### सम्भलपुर से बलिया तक तस्करी का नेटवर्क

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आपस में मिलकर अवैध गांजा तस्करी का काम करते हैं। उनके अनुसार जनपद बलिया का रहने वाला एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें उड़ीसा से गांजा लाने के लिए वाहन, धनराशि और आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध कराता था।

## शासन के निर्देश के क्रम में निर्माण श्रमिकों को यूपी डिजिटल लेबर चौक ऐप से जोड़ने के निर्देश

**श्रमिकों को रोजगार के अवसरों के साथ कल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों को यूपी डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप से अधिक से अधिक जोड़ने तथा ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित यूपी डिजिटल लेबर चौक ऐप निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच एक प्रभावी डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से निर्माण श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं पात्रतानुसार उनका लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। ऐप के माध्यम से सेवायोजक, बिल्डर, ठेकेदार, निर्माण एजेंसियां एवं अन्य प्रतिष्ठान अपना पंजीकरण कर आवश्यकता के अनुरूप श्रमिकों से सीधे संपर्क स्थापित कर सकेंगे। वहीं निर्माण श्रमिक भी ऐप के माध्यम से नियोजकों से जुड़कर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। इससे श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा नियोजकों को आवश्यकता के अनुरूप कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में कार्यरत निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा उन्हें ऐप डाउनलोड कर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र निर्माण श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों से अपील की है कि वे अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से यूपी डिजिटल लेबर चौक ऐप डाउनलोड कर इसका अधिकतम उपयोग करें तथा अपने आसपास कार्यरत अन्य श्रमिकों एवं नियोजकों को भी इसके संबंध में जागरूक करें।

## मंगल कामना के साथ मनसा देवी मंदिर में बहन ने भाई को बांधा रक्षासूत्र



**बहन- की रक्षा के साथ साथ सनातन धर्म व मां गंगे व प्रकृति की रक्षा का भी लें संकल्प - नीलम द्विवेदी।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र हरिद्वार। सोनभद्र जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के महुआंव पाण्डेय गांव निवासी नीलम द्विवेदी ने परिवार के साथ रक्षाबंधन पर्व देवभूमि हरिद्वार में मनाया। बताते चलें कि नीलम द्विवेदी श्री सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान की अध्यक्ष हैं।और परिवार के साथ रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहन के पारंपरिक भाव को आध्यात्मिक संरक्षण से जोड़ती है।बताते चलें कि नीलम देवी अपने परिवार के साथ हरिद्वार की पावन भूमि पर इस वर्ष हिन्दुओं का पवित्र पर्व रक्षाबंधन मनाया।नीलम देवी की पुत्री पूजा पाण्डेय व पुत्र प्रज्ज्वल धर द्विवेदी ने विचार कर इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व देवभूमि उत्तराखंड हरिद्वार में माता मनसा देवी के मंदिर में रक्षासूत्र बांध कर सुख शांति समृद्धि की कामना किया। साथ ही राखी का कार्यक्रम पारंपरिक रूप से तिलक, आरती, फूल,फल, मीठा आदि के माध्यम से राखी बांधी गई।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# कार्तिक घुटने की सर्जरी के बाद एक्शन में लौटेंगे

मुंबई। कार्तिक आर्यन जल्द ही अपनी अगली बहुचर्चित फिल्म 'कैप्टन इंडिया' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग 1 सितंबर से लंदन में शुरू होने जा रही है। घुटने की सर्जरी से पूरी तरह उबरने के बाद कार्तिक 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'चक दे! इंडिया' जैसी शानदार फिल्म बना चुके मशहूर निर्देशक शिमित अमीन कर रहे हैं। 'कैप्टन इंडिया' की कहानी एक युद्धग्रस्त देश में भारत द्वारा चलाए गए असल जिंदगी के साहसिक रेस्क्यू मिशन से प्रेरित है।फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम इस वक्त काफी तेजी से चल रहा है।

लाइफ Style

# तापसी



## फिल्म 'गांधारी' पर नकल का आरोप

अभिनेत्री तापसी पन्नू की आगामी फिल्म 'गांधारी' रिलीज होने से पहले विवादों में घिर गई है। हाल ही में, मुंबई के लेखक राघव देसाई ने दावा किया कि उन्होंने 2024 में फिल्म निर्माताओं को एक पटकथा सुनाई थी। उन्होंने कथित तौर पर आरोप लगाया कि फिल्म की निर्माता टीम ने उनके विचार का इस्तेमाल किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उधर, राघव के आरोपों को नकारते हुए 'गांधारी' की लेखक-निर्माता कनिका ढिल्लों ने अपनी चुप्पी तोड़ी और स्पष्ट किया कि फिल्म एक मौलिक परियोजना है। कनिका के प्रोडक्शन हाउस 'कथा पिक्चर्स' ने अपने बयान में कहा, 'सोशल मीडिया और कुछ प्रकाशनों में प्रसारित हो रहे आरोपों की ओर हमारा ध्यान गया कि हमारी आगामी फिल्म 'गांधारी' किसी अन्य व्यक्ति की अवधारणा की नकल करती है और उस व्यक्ति के शीर्षक का उपयोग करती है। ये आरोप झूठे हैं और हम इन्हें स्पष्ट रूप से नकारते हैं।' बयान में कहा गया कि 'गांधारी' एक मौलिक रचना है, जिसे कनिका ढिल्लों ने लिखा और निर्मित किया है। कथा पिक्चर्स ने बयान में आगे कहा, हम मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और जनता से अनुरोध करते हैं कि वे इन आरोपों को उनके वास्तविक स्वरूप में ही मानें, यानी अपुष्ट और झूठे, और इन्हें पुख्ता तथ्य मानकर प्रकाशित, प्रसारित या दोहराने से बचें। बता दें कि देवाशीष मखीजा द्वारा निर्देशित, फिल्म 'गांधारी' में तापसी मुख्य किरदार में हैं। बदले की भावना से प्रेरित एक मां की कहानी पर आधारित यह फिल्म सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्स एंडगेम का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिल्स। मार्वल की फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' ने 2019 में रिलीज होकर तहलका मचा दिया था। निर्माताओं ने पुरानी यादों को ताजा करने के लिए फिल्म को दोबारा सिनेमाघरों में उतारने का फैसला किया है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार फिल्म में कुछ नया फुटेज भी जोड़ा है और इसे 'एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर' के रूप में सिनेमाघरों में री-रिलीज किया जाएगा। यूट्यूब पर इसका आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जिससे फैंस का उत्साह देखने लायक है।



# 'कंट्री म्यूजिक' की गायिका व अभिनेत्री डॉली का निधन

लॉस एंजिल्स। कंट्री म्यूजिक की महारानी, गीतकार और अभिनेत्री डॉली पार्टन का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। टेनेसी के एक छोटे से लकड़ी के मकान से संगीत की बुलंदियों तक पहुंचने वाली डॉली ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बहादुरी से लड़ते हुए अंतिम सांस ली। अपने तमाम कालजयी गानों से उन्होंने करोड़ों दिलों पर राज किया। उनका निधन संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति और एक महान युग का अंत है। 'कंट्री म्यूजिक की महारानी' डॉली के निधन का दुखद समाचार उनके भतीजे ब्रायन सीवर ने दिया। अपने आकर्षक व्यक्तित्व, बड़े विग और अनोखे स्टाइल के साथ-साथ अपने चुटीले स्वभाव के लिए जानी जाने वाली डॉली पार्टन संगीत जगत की सबसे पसंदीदा हस्तियों में से एक थीं। वो एक ऐसी विरली कलाकार थीं, जिनकी लोकप्रियता पीढ़ी, भूगोल और राजनीति की सीमाओं से परे थी।



# अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं

मुंबई। कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'टॉक्सिकः अ फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनके साथ यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत भी अहम भूमिकाओं में हैं। हालांकि, कियारा इससे पहले भी कई शानदार फिल्मों और वेब सीरीज में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कियारा के बेहतरीन प्रदर्शन वाली फिल्मों के बारे में। साल 2018 में रिलीज हुई नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' में कियारा ने जबरदस्त अभिनय किया था। उन्होंने एक ऐसे संवेदनशील विषय को बहुत सहजता, हास्य और भावनात्मक ईमानदारी के साथ पेश किया था, जिसके लिए उन्हें खूब तारीफ मिली।



# ऋतिक के बेटे का संगीत में डेब्यू

मुंबई। ऋतिक रोशन और उनकी पूर्व पत्नी सुजैन खान के बेटे, रेहान रोशन ने संगीत जगत में अपना पदार्पण किया है। उन्होंने अपने पहले सिंगल म्यूजिक वीडियो 'दिस हेवनली प्लेस' के साथ एक स्वतंत्र कलाकार के रूप में शुरुआत की, जिसकी झलक अभिनेता ने फैंस को दिखाई है। इस गाने में रेहान ने गायक-गीतकार और गिटारवादक की भूमिका निभाई है। इसका निर्माण सूडान ने किया है, जबकि अंकुर तिवारी ने आर्टिस्ट्स एंड रेपरटॉयर के रूप में काम किया है। अभिनेता ने गाने का वीडियो जारी करते हुए लिखा, 'रे, तुम जन्म से ही एक खास समझ लेकर आए होः मुझे इस पर पूरा भरोसा है। यही मुझे निडर बनाता है। रेहान को काले और सफेद बैकग्राउंड में एकॉस्टिक सेटअप पर गाते और गिटार बजाते देखा जा सकता है।

टीवी मसाला



# केबीसी में जीएसटी ऑफिसर ने दिया गलत जवाब, पांच लाख पर गिरे

मुंबई। अमिताभ बच्चन के शो ' कौन बनेगा करोड़पति 18 ' के 27 अगस्त के एपिसोड में राजस्थान के उदयपुर से आए डॉ. अनुज भटनागर हॉट सीट पर बैठे। जीएसटी डिपार्टमेंट में डिप्टी कमिश्नर के तौर पर काम करने वाले अनुज अपनी पत्नी और बेटे के साथ शो में आए थे। उन्होंने 7.5 लाख रुपये तक का गेम खेला, लेकिन भारत, जॉर्डन और जाम्बिया से जुड़े एक सवाल पर उनका गेम खत्म हो गया।

### जीएसटी डिप्टी कमिश्नर से हो गई गलती

इसके बाद अनुज ने 'सुपर संदूक' राउंड खेला और 10 में से नौ सवालों के सही जवाब देकर 90,000 रुपये जीते। 7.5 लाख रुपये का 11वां सवाल अनुज के लिए मुश्किल साबित हुआ और इसे पार करने के लिए उन्होंने 'महाफ्लिप' लाइफलाइन का इस्तेमाल किया। फिर वह गेम के 12वें सवाल पर पहुंचे, जो 12.5 लाख रुपये का था। भारत, जॉर्डन और जाम्बिया के झंडों से जुड़ा यही सवाल हॉट सीट पर उनके सफर का अंत बना। डॉ. अनुज भटनागर 12.5 लाख रुपये का सवाल गलत कर बैठे।

### सवाल यह था

अनुज को भारत, जॉर्डन और जाम्बिया के झंडे दिखाए गए और पूछा गया: तस्वीर में दिखाए गए झंडों वाले देशों के बारे में इनमें से कौन-सी बात सही है?

*विकल्प ये थे:* ए- इनके अंग्रेजी नाम नदियों के नाम पर हैं। बी- इनका आजादी का दिन एक ही है। सी- इनकी राजधानियों के नाम न्यू से शुरू होते हैं। डी- ये उत्तरी गोलार्ध में हैं

*50:50 लाइफलाइन का इस्तेमाल :* सही जवाब को लेकर पक्का न होने पर, अनुज ने अपनी आखिरी लाइफलाइन, 50:50 का इस्तेमाल किया। इस लाइफलाइन ने दो गलत विकल्पों राजधानियों के नाम 'न्यू' से शुरू होते हैं और उत्तरी गोलार्ध में है को हटा दिया, जिससे उनके पास ये विकल्प बचे: ए- अंग्रेजी नाम नदियों से आए हैं। बी- आजादी का दिन एक ही है। अनुज ने आजादी का दिन एक ही है चुना, लेकिन यह गलत जवाब था। सही जवाब था अंग्रेजी नाम नदियों से आए हैं। गलत जवाब देने के बाद अनुज पैसे हार गए इसलिए उनकी जीती हुई रकम घटकर वापस 5 लाख रुपये हो गई और आखिर में उन्हें यही रकम मिली।

*'केबीसी 18' के बारे में:* 'कौन बनेगा करोड़पति 18' की शुरुआत सीमित लाइफलाइन ऑप्शन्स के साथ होती है और जैसे-जैसे कंटेस्टेंट गेम में आगे बढ़ते हैं, उन्हें और लाइफलाइन मिलती जाती हैं। कंटेस्टेंट 'सुपर संदूक' राउंड के जरिए 50:50 लाइफलाइन भी हासिल कर सकते हैं, जबकि 'महाफ्लिप' एक और लाइफलाइन है जिसे गेम में बाद में शामिल किया गया है। मौजूदा सीजन में कई कंटेस्टेंट ने शानदार जीत हासिल की है। इनमें से दो कंटेस्टेंट 1 करोड़ रुपये के सवाल तक तो पहुंचे, लेकिन उन्होंने गेम छोड़ने और 50 लाख रुपये लेकर घर जाने का फैसला किया।

# सलमान खान ही नहीं, हॉलीवुड में छाए बॉलीवुड के ये सितारे

*मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने 'मैरीगोल्ड' समेत कई अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में काम किया है। अब वह बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म '7 डॉग्स' में नजर आ रहे हैं, जो 21 अगस्त को रिलीज हो चुकी है। हालांकि, सलमान अकेले ऐसे बॉलीवुड अभिनेता नहीं हैं, जिन्होंने विदेशी फिल्मों में अभिनय किया है। हिंदी सिनेमा के कई सितारे अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुके हैं। ऐसे में आइए जानते हैं, इस खास सूची में कौन-कौन शामिल हैं।*

### प्रियंका और इरफान



प्रियंका चोपड़ा का नाम इस सूची में पहले स्थान पर है। वो फिल्म 'बेवॉच' और 'क्वांटिको' जैसी सीरीज के जरिए वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुकी हैं। वहीं शादी के बाद प्रियंका विदेश में रहती हैं और हॉलीवुड फिल्मों में ज्यादा काम करती हैं। इरफान खान ने 'स्लमडॉग मिलियनेयर', 'लाइफ ऑफ पाई' और 'जुरासिक वर्ल्ड' जैसी कई बड़ी हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। हॉलीवुड में उनकी पहचान एक बेहतरीन वैश्विक अभिनेता के रूप में थी।

### दीपिका और ऐश्वर्या राय

इस सूची में दीपिका पादुकोण का नाम भी शामिल है। वो साल 2017 में आइ फिल्म ट्रिपल एक्स- रिटर्न ऑफ जेंडर केज में विलेन का किरदार निभया था। उनके अभिनय को लोगों ने खूब पसंद किया था। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने कई हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। उनकी प्रमुख हॉलीवुड फिल्मों में 'ब्राइड एंड प्रेजुडिस' (2004), 'प्रोवोक्ड' (2006), 'द लास्ट लीजन' (2007) और 'द पिंक पैंथर 2' (2009) जैसी फिल्में शामिल हैं।

### नसीरुद्दीन शाह



प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी काम किया है। उनकी सबसे चर्चित फिल्मों की बात करें, तो वो फिल्म 'द मॉनसून वेडिंग', 'द लीग ऑफ एक्स्ट्राऑर्डिनरी जेंटलमैन', 'दा ग्रेट न्यू वंडरफुल' में नजर आ चुके हैं।

# नेपाल के इन कलाकारों ने बॉलीवुड में भी जमाया सिक्का

*मुंबई। नेपाल इन दिनों भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। इस प्राकृतिक आपदा में सैंकड़ों लोगों की मौत की खबर है, जबकि 1,000 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। बॉलीवुड में भी हर कोई नेपाल में जल्द हालात सामान्य होने की प्रार्थना कर रहा है। ऐसे में आपको बता दें कि नेपाल के भी कई कलाकार अपनी प्रतिभा से बॉलीवुड में खास पहचान बना चुके हैं। आइए जानते हैं उन नेपाली कलाकारों के बारे में।*

***उदति नारायण और आदत्यि नारायण :*** उदति नारायण का जन्म नेपाल में ही हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1970 में रेडियो नेपाल में मैथली लोक गायक के तौर पर की थी। फिर वहां 8 साल तक काम करने के बाद उन्होंने बॉलीवुड में किस्मत आजमाई और सुपरहिट गायक साबित हुए। उदित के बेटे आदित्य नारायण का नाम भी इस सूची में शामिल है। वैसे तो उनका जन्म भारत में हुआ है, लेकिन उनका परिवार मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है।

***माला सिन्हा और मनीषा कोईराला :*** माला सिन्हा का जन्म नेपाली-क्रश्चियिन परविार में हुआ था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बंगाली फिल्मों से की थी। इसके बाद उन्होंने नेपाली फिल्मों में काम किया और फिर बॉलीवुड में भी अपना नाम बनाया। मनीषा कोइराला नेपाल के प्रतिष्ठति घराने से ताल्लुक रखती हैं।



उनका जन्म नेपाल में ही हुआ था। हालांकि, अपना करियर बनाने के लिए वो भारत आ गईं और यहां पर उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया।

***सुनील थापा :*** सुनील थापा नेपाली सिनेमा के मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने बॉलीवुड के साथ-साथ नेपाली सिनेमा में अपने बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों में एक खास पहचान बनाई थी। हालांकि, उनका निधन साल 2026 के शुरुआत में हो गया था।

## रक्षाबंधन पर अपने फैंस को बधाई देते आए नजर

# एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं बॉलीवुड के ये भाई-बहन, कॅरियर अलग-अलग

मुंबई। देशभर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया है। बॉलीवुड में भी यह त्योहार खास अंदाज में मनाया जाता है। फिल्म इंडस्ट्री मे कई ऐसे सेलिब्रिटी भाई-बहन हैं, जिन्होंने अपने करियर के लिए अलग-अलग क्षेत्र चुने। किसी ने अभिनय में पहचान बनाई, तो किसी ने कारोबार या अन्य पेशे को अपनाया। अलग-अलग राह चुनने के बावजूद इन सितारों के बीच प्यार बेहद मजबूत है। ऐसे में आइए उन सितारों के बारे में जानते हैं।

### सैफ अली -सबा अली और अभिषेक-श्वेता बच्चन

सैफ अली खान एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता और निर्माता हैं, जबकि उनकी बहन सबा अली खान (सबा पटौदी) पेशे से एक ज्वैलरी डिजाइनर, टैरो रीडर और उद्यमी हैं। इसके साथ ही पटौदी परिवार की धर्मार्थ संपत्ति और लेखा-जोखा संभालती हैं। अभिषेक बच्चन एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता और निर्माता हैं, जबकि श्वेता बच्चन नंदा एक लेखिका और कॉलमनिस्ट हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपना खुद का फैशन लेबल शुरू किया है।



***सलमान-अलवीरा खान अग्निहोत्री :*** *सलमान खान एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता हैं, जबकि उनकी बहन अलवीरा खान अग्निहोत्री एक फैशन और कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। उनका 'अहागजाई' नाम का एक मल्टीस्टोर भी है। इसके साथ ही वो फिल्म निर्माता भी हैं।*

### अर्जुन कपूर-अंशुला कपूर और संजय दत्त-प्रिया दत्त

अर्जुन कपूर एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता हैं, जबकि अंशुला कपूर एक उद्यमी हैं और उन्होंने 'फैनकाइंड' नाम से एक स्टार्टअप शुरू किया है। इसके साथ ही वो सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर भी हैं। संजय दत्त एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं और प्रिया दत्त भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नेता हैं और महाराष्ट्र के मुंबई से 2 बार लोकसभा सांसद रह चुकी हैं। इसके साथ ही वो सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं।

## अक्षय से लेकर कंगना तक, इन सितारों ने धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



मुंबई। पूरे देश में इस वक्त रक्षाबंधन की धूम मची हुई है। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारे भी अपने-अपने भाई और बहनों के साथ इस त्योहार को मना रहे हैं। अक्षय कुमार ने अपनी बहन अलका भाटिया के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की और फैंस को रक्षाबंधन की बधाई दी। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, 'रिश्ता वो, जिसमें नोकझोंक भी है, प्यार भी है और हर मुश्किल में साथ भी। हर भाई-बहन को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं।'

*कंगना ने अपने भाई को बांधी राखी :* अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने भाई को राखी बांधते हुए तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं। उन्होंने लिखा, 'मेरे प्यारे भाई, मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि ये प्रेम का बंधन जो मैंने तुम्हारे हाथ पर बांधा है ये हमेशा तुम्हारी रक्षा करे, तुम हमारे माता-पिता की सेवा करो, कुल की गरिमा बढ़ाओ। रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकमनाएं।'

*सुनील शेट्टी और अनुपम खेर ने दी त्योहार की बधाई :* सुनील शेट्टी ने अपने परिवार की पुरानी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'कुछ रिश्ते कभी नहीं बदलते। सिर्फ तस्वीरें बदलती हैं। हमारी इस छोटी-सी दुनिया से लेकर जीवन में हमें जो भी मिला, वहां तक... मेरी बहनें हमेशा मेरे साथ रहने वाले 'घर' का एक हिस्सा रही हैं। रक्षाबंधन की शुभकामनाएं। तुम्हारा भाई।' अनुपम खेर भी रक्षाबंधन पर अपने फैंस को बधाई देते नजर आए। उन्होंने त्योहार से जुड़ी एक तस्वीर साझा